ॐ ह्रीँ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

(दोहा)

तुंग अंग धनु पांचसो, शोभा सागर चंद,
मिथ्यातपहर सुगुनकर, जय सीमंधर सुखकन्द। १

(छंद कामिनीमोहन)

जैति जिनराज शिवराज हितहेत हो,
परमवैराग आनंद भरि देत हो;
गर्भके पूर्व षटमास धनदेवने,
नगर निरमापि पुंडरगिरि सेवने। २।

गगनसौं रतनकी धार बहु वर्षहीं,
कोडि त्रयअर्द्ध त्रयवार सब हर्षहीं;
तातके सदन गुनवदन रचना रची,
मातुकी सर्वविधि करत सेवा शची। ३

भयो जब जनम तब इन्द्रआसन चल्यो,
होय चकित तुरति अवधितैं लखि भल्यो;

सप्त पग जाय शिर नाय वंदन करी,
चल उमग्यो तबै मानि धनि धनि धरी। ४

सात विधि सैन गज वृषभ रथ बाज लै,
गंधरव निरतकारी सबै साज लै;
गलित मदगंड ऐरावती साजियो,
लक्ष जोजन सुतन वदन सत राजियो। ५

वदन वसुदन्त प्रतिदन्त सरवर भरे,
तासु मधि शतक पनवीस कमलिनी खरे;
कमलिनी मध्य पनवीस फूले कमल,
कमलप्रति कमलमहं अेकसौ आठ दल। ६

सर्वदल कोडशतवीस परमान जू,
तासुपर अपछरा नचहिं जितमान जू;
तततता तततता वितत्तता ताथेई,
धृगतता धृगतता धृगततामें लई। ७

धरत पग सनन नन सनन नन गगनमें,
नूपुरं झनन नन झनन नन पगनमें;
नचत इत्यादिक कई भांतिसौं मगन में,
केई तित बजत बाजे मधुर पगनमें। ८

केई द्रम द्रम सुद्रम मृदंगनि धुनै,
केई झल्लरी झननन झननन झंझनै;
केई संसागृदि संसागृदि सारंगि सुर,
केई बीनापटह बंशि बाजें मधुर। ९

केई तननन तननन तानै पुरें,
शुद्ध उच्चारि सुर केई पाठैं फूरें;

केई झुकि झुकि फिरे चक्रसी भामिनी,
धृगततां धृगततां परम शोभा बनी। १०

केई छिन निकट छिन दूर छिन थूल लघु,
धरत वैक्रियक परभावसों तन सुभगु;
केई करताल करताल करमें धुनें,
तत वितत धन सुखरि जात बाजे मुनैं। ११

ईन्हें आदिक सकल साज संग धारिकै,
आय पुर तीन फेरी करी प्यार कैं;
सचिय तब जाय परसूत थल मोदमें,
मातु करि नींद लीनों तुम्हें गोदमें। १२

आन गिरवान नाथहिं दियो हाथमें,
छत्र अर चमर वर हरि करत माथमें;
चढे गजराज जिनराज गुन जापियो,
जाय गिरिराज पांडुकशिला थापियो। १३

लेय पंचमउदधि उदक कर कर सुरन,
सुरन कलशनि भरे सहित चर्चित पुरन;
सहस अरु आठ शिर कलश ढारे जबै,
अघघ घघ घघघघघ भभभ भभ भौ तबै। १४

धधध धध धधध धध धुनि मधुर होत है,
भव्य जन हंसके हरष उद्योत है;
भये इमि न्हौन तब सकल गुनरंगमें,
पोंछि शृंगार कीनों शची अंगमें। १५

आनि पितुसदन शिशु सौंपि हरि थल गयो,
बालवय तरुन लहि राजसुख भोगियो;

६

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ-३६४२५०

भोग तज जोग गहि चार अरिकों हने,
धारि केवल परम धरम द्वयविधि भने। १६

हे जगतनाथ तुम कृतकृत्यं भये,
ज्ञान दृग शर्म वीरज अनंते लीये;
सो जगतराज यह अरज उर धारियो,
धरमके नंदको भवउदधि तारियो। १७

(धत्ता)

जय करुनाधारी, शिवहितकारी, तारनतरनजिहाजा हो;
सेवक नित बंदै, मन आनंदै, भवभयमेटनकाजा हो। १८

ॐ ह्रीँ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(दोहा)

श्री सीमंधर पद जुगल, जजैं पढैं यह पाठ;
अनुमोदैं सो चतुर नर, पावैं आनंद ठाठ। १९

॥ इत्याशीर्वादः पुष्पांजलिं क्षिपेत्॥

श्री सीमंधर-जिनपूजा

(खरगा छंद)

सीमंधरगान तो करत मुदठानिकैं धरत मुनिध्यानतें मोक्ष पावैं खरो,
प्रान धारीनको प्रानरक्षक तुही, ज्ञानधारीनमें ज्ञानधारी वरो;
भूरि आनंदके कंद सुखवृंद दे, चूरिये दुंददल महर मोपै करो,
देव सीमंधर जू थापिहुं तोहि मैं, तिष्ट तिष्ठौ इतै कष्ट मेरा हरो।

ॐ ह्रीँ विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट् इति आह्वाननम्।
ॐ ह्रीँ विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीँ विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथ अष्टक

(राग पीलू)

तेरी भक्ति बसी मन मांही, मैं तो पूजुं पद हरषाई। टेक
धुनि सुरसरी सम जल प्रासुक, ले भृंगार भराई,
करन नाश परत्राह तृषा त्रय, धारूं धार धराई;
तेरी भक्ति बसी मनमांही, मैं तो पूजूं पद हरषाई।

ॐ ह्रीँ विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

शुचि कुंकुम चंदन मलयागिर, घनरस संग घसाई,
ताप महाआकुल कुल बारन, तुमरे चरन चढाई;
तेरी भक्ति बसी मनमांही, मैं तो पूजूं पद हरषाई।

ॐ ह्रीँ विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

सित हिमाभ तंदुल अनियारे, धारि रकेबी मांही,
वसु गुनयुत बसुमी क्षिति पावन, पुंज करूं तुम पाहीं,
तेरी भक्ति बसी मनमांही, मैं तो पूजूं पद हरषाई।

ॐ ह्रीँ विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ-३६४२५०

पूरित गंध सुमन गन ऊपर, अलि आवलि मंडराई,
करन सुमन पावन हित हे जिन! भेट धरूं मैं लाई;
तेरी भक्ति बसी मनमांही, मैं तो पूजूं पद हरषाई।

ॐ ह्रीँ विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नेवज मधुर नवल बलकारन, लोचन लेत लुभाई,
करन पुष्ट निजरूप ज्ञानबल, भेट धरूं उमगाई;
तेरी भक्ति बसी मनमांही, मैं तो पूजूं पद हरषाई।

ॐ ह्रीँ विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीप कपूर पूरि धृत शुचिकैं, सुंदर जोति जगाई,
आरति हरन आरती तेरी, करिहूं मन मुददाई;
तेरी भक्ति बसी मनमांही, मैं तो पूजूं पद हरषाई।

ॐ ह्रीँ विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अगर तगर कदलीसुत आदिक, चूरि सुधूप बनाई,
श्रीपतिचरनकंज तुमरे ढिंग, खेऊं विधि छयदाई;
तेरी भक्ति बसी मनमांही, मैं तो पूजूं पद हरषाई।

ॐ ह्रीँ विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

दाडिम दाख आम नारंगी, ले फलराशि सुहाई,
शिवफल हेत भेट तुमरे पद, ढिग धारूं उमगाई;
तेरी भक्ति बसी मनमांही, मैं तो पूजूं पद हरषाई।

ॐ ह्रीँ विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चंदन अक्षत पुष्पावलि, नेवज ले बलदाई,
दीप धूप फल वसुविध सुंदर, अर्घ धरूं तुमपाही;
तेरी भक्ति बसी मनमांही, मैं तो पूजूं पद हरषाई।

ॐ ह्रीँ विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

Shri Digambar Jain Swadhyay Mandir Trust, Songadh - 364250

जयमाला

(दोहा)

विधिघन विन चिदरविछटा, दमकि रही दुति अैन,
छकित होत छवि निरखिकै, सुर नर मुनि मन नैन। १

(दोधक छंद)

तारक हो तुम ही जगस्वामी, बारक भौ दुख अंतरजामी,
मौन विकाश दिनेश तुही है, शुभ्र गिरा धर ईश तुही है। २

तू विधि है चतुराननधारी, मर्दन तू मुर मोह मुरारी,
और कषायविषैं बसि सारे, हो तुम द्वेष दोष दुख टारे। ३

यद्यपि मोह तज्यो तुम स्वामी, ना करता हरता शिवधामी,
तद्यपि ध्यान धरैं जिन तेरो, सिद्ध करै मनवांछित मेरो। ४

यह उरमें दृढता हम धारी, तब पद सेव गही त्रिपुरारी,
यह भव कानन भीम गुसाई, शैल विभाव तहां दुखदाई। ५

श्रेय सबै करता तुम त्योंही, ना कछु संशय है विधि योंही,
आस्रव नीर झरें झरने हैं, भूरुह बंधसमूह घने हैं। ६

मोह महा मृगराज गलारै, धीर्य तहां जग जंतु निवारै,
भील मनोज तहां दुखदानी, लूटनकूं शुभ सोंज सुहानी। ७

प्रीति जहां जुर झांसि रही है, द्वेष महाभयदेन अही है,
है तृष्णा जल माल डरानी, च्हेल निगोद धरै दुखदानी। ८

बारण मत्त जु मान जहां है, आरण महिष जु क्रोध तहां है,
मत्सर रींछ जहां घुर्रावे, लोभ दरार अथाह दिखावे। ९

कर्म उदै फल द्वै विध तामें, है हितकारक अेक न जामें,
आरति भाव बुरे वनचारी, पावक वेद कषाय करारी। १०

अक्षविलास पलास बिकासै, आकुलभाव पिशाच जु भासै,
छांह घनी घन हा भ्रम जामें, सूझत ज्ञान दिनेश न तामें। ११

भाव असत्य ढिगां भरमायो, मैं चिरतें शिवपंथ न पायो,
लब्धिबसाय गुरुमुख गाई, दीपशिखा तुमरी ध्वनि पाई। १२

चाहत हूं शिवराह गही मैं, जाचत हूं कछु और नहीं मैं;
पंथसहायक ध्यान तिहारो, संबल दे निजबोध हमारो। १३

बाहन शुद्ध क्रिया कर दीजे, संग सधर्मिनको नित कीजे,
तो चरचा मगमें नित होवें, भक्ति सराय जहां हम सोवें। १४

उद्यम है अथवा मगमांही, राह मिलै शुचि सम्यक् याही,
'थान' लहूं जब लों शिवनीको, ये सब होहु सहाय धनीको। १५

(मेघविस्फूर्जित छंद)

तजैं शंका कांक्षा निजहितरता भाव संवेग धारें।
सजें आनंदौध पुलकितवपू शुद्धस्तुति उचारें;
लहैं सो संबोधं सकलसुखदं कीर्ति भूलोक छावै,
हुवे शक्री चक्री अचल अमलं मुक्ति भूमि लहावै। १६।

ॐ ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छंद)

जयो सीमंधर देव देवपति पूज की,
भक्ति महासुख दैन कला शशि दूजकी;
करै सिन्धु सुखवृद्धि सिद्ध सब दायनी,
घायक सकल क्लेश कलंक पलायनी।

॥ इत्याशीर्वादः पुष्पांजलि क्षिपेत् ॥

श्री सीमंधर-जिनपूजा

(कवित्त छंद)

भास घन चेतनको विशद विकास जास,
त्रासन अरीकी जाहि वीरज अमानतें;
आसन्न कीन्हो है अचलासन अनूपहीकूं,
विजय अनंग कियो अंग अमलानतें;
वीर मोह आदि जगजीततें सुजीत लसें,
रंच न अघात शिवश्यामा सुखदानतें;
सीमंधरजिनेश अेम मगन सुखोदधिमें,
अंत करि अंतको चिरंजीभाव प्रानतें ।।१।।

ॐ ह्रीँ विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट् इति आह्वाननम्।

ॐ ह्रीँ विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीँ विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(राग बरवा)

हो ज्ञानी तैंने जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूँ कहाजी,
तो गुन में झलकंत सही ।।टेक।।
सलिल स्वच्छ प्रासुक तृट भंजन, भरि भृंगार लहूं जी,
पावन पतित पांव तव पूजूं, भवभ्रमनाश चहूं जी;
हो ज्ञानी तैंने जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूँ कहाजी,
तो गुन में झलकंत सही।।

ॐ ह्रीँ विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

हरि बावन कदलीसुत कुंकुम, जलसंग मेलि घसूंजी,
श्रीपतिचरन चढावत तेरे, आकुलताप कसूंजी;
हो ज्ञानी तैंने जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूँ कहाजी,
तो गुन में झलकंत सही।।

ॐ ह्रीँ विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत श्वेत अमल अनियारे, करि शुचि थाल भरूंजी,
क्षिति दशमी पावन मनभावन, तव पद पुंज करूंजी;
हो ज्ञानी तैंने जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूँ कहाजी,
तो गुन में झलकंत सही।।

ॐ ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

सुमन सेवती रैण सुगंधादिक, बहु भेट धरूंजी,
उद्दीपन शिवतियको करिकैं, विजय मनोज करूंजी;
हो ज्ञानी तैंने जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूँ कहाजी,
तो गुन में झलकंत सही।।

ॐ ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

फैनी सुखदैनी क्षुतखेनी चरु बहु भांति धरूंजी,
भरि वर थार वारि तव पदपै, क्षुत परचाहि हरूंजी;
हो ज्ञानी तैंने जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूँ कहाजी,
तो गुन में झलकंत सही।।

ॐ ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रज्वलित ललित गलत तमभर वर दीप उद्योत करूंजी,
भारतीश! तुव करत आरती, आरति सकल हरूंजी;
हो ज्ञानी तैंने जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूँ कहाजी,
तो गुन में झलकंत सही।।

ॐ ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कृष्णागर कर्पूर शिलारस, मलयज चूर करूंजी,
दशविध बंधक फंद प्रजारन, दाहकसंग धरूंजी;
हो ज्ञानी तैंने जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूँ कहाजी,
तो गुन में झलकंत सही।।

ॐ ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ सहकार अनार नारंगी, निंबुक थार भरूंजी,
शिव उरोज श्रीफल फलपावन, ये फल भेट धरूंजी;
हो ज्ञानी तैंने जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूँ कहाजी,
तो गुन में झलकंत सही॥

ॐ ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल गंधाक्षत सुमन चरुवर दीप उद्योत करूंजी,
धूप दशांग पूररस फलवर, वसुविध अर्घ धरूंजी;
हो ज्ञानी तैंने जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूँ कहाजी,
तो गुन में झलकंत सही॥

ॐ ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

(दोहा)

सीमंधर जिनदेव तुव, पद नीरज नमि भाल,
धरि धीरज जय जय सुखद, भनू विशद जयमाल। १

(दीपकला छंद)

जय सीमंधर सुवीरज अपार, तुमकूं मम प्रणमन बार बार,
सुख आशा धरि चिरतें जिनेश, भवमें हम श्रम ठाने अशेष। २

सुखजाति निराकुलता न जानि, जडसंग किई निजशक्ति हानि,
गुरुके मुखतें अब भेद पाय, निजमें तुम रूप रह्यो सु छाय। ३

तुम समवसरन रचना बखान, नहि बरन सकें धरि च्यार ज्ञान,
निज नरभव पावन करन हेत, मैं बरनूं कछु आनंद उपेत। ४

पुनि तृतीय पीठ नग जटित सार, चव धनुष तुंग रचना अपार,
तिह उपर गंधकुटी रसाल, छविपूरति गंध धरें विशाल। ५

सुरतरुके पुष्पनकी अनूप, लूंबत है माल रसालरूप,
युत पत्र पुष्प किसलय अपार, छवियुत अशोक तरु शोकहार। ६

पदतर चव सिंहनके सुरूप, यह विष्टरसिंह लसैं अनूप,
सब रतनजटित सोहै अपार, सुरधनुसम प्रसरित जोति जार। ७

तिहुपैं चतुरंगल व्योम टार, पदमासन जिन छवि निर अधार,
अनुपम भामंडलको उद्योत, लखि कोटिक रवि छवि छीन होत। ८

भविजनकुं भव दरसात सात, महिमा तिनकी बरनी न जात,
धनसम धुनि सब भाषा जतात, भ्रम बंस अंस रहुं ना रहात। ९

शिर छत्र तीन शशिकूं लजात, प्रभुता तिहुं लोकनकी जितात,
सित चामर गंग तरंग जेम, चवसठि मित सुर ढारें सप्रेम। १०

तुव धुनिबल मनु हरिमदनबान, तुम ढिग डारत सुर मुद महान,
सो पुष्पवृष्टि बरनी न जात, जसकेतुं पराजयकूं जितात। ११

जगजीवनकूं धुनि पूरि ईष्ट, सुरताडित दुंदुभिनाद मिष्ट,
रिपु मोह ज्यो ह्वैके निरोष, मनु तास विजय भाषे सुघोष। १२

क्रीडा चिदचिंतन अतुल जास, कवि कौन कहै बुधिबलविकास,
षट द्रव्य अमित शकती न अंत, तिहुं कालमयी सत्ता अनंत। १३

पर्याय अनंत लिये जु ताहि, झलकैं गुनभाग अनंत मांहि,
अनुभव करिके वरने जु केम, मिसरी चखि मूक भनें न जेम। १४

जिय जातिविरोध वैर छांडि, उर प्रीति धरें आनंद मांहि,
तहं रोग शोक व्यापै न भूर, दुख सकल नशें आअे हजूर। १५

दुख द्वेष दोषवर्जित विराग, तव राग भअे नाशे कुराग,
इम अतिशय असम धरें अपार, मंडित निर आकुल सौख्यसार। १६

यह छवि चितवन उपवन मझार, मेरो मन रमन चहै अपार,
अरजी अब ये सुनिये कृपाल, दूरभाव अविद्या टाल टाल। १७

समरस सुख निज उर मंडिमंडि, पर चाह दाह दुख खंडि खंडि,
प्रकटो उर परुपकारवानि, निशदिन उचरू तुम सुगुन गान। १८

तुम वैन सुधारसपान सार, चाहूं भव भव आनंदकार,
तुम भक्त संतजनको सुसंग, मति होहु कुमतिधरको प्रसंग। १९

परनिंदा परपीडन कुवानि, मति होहु, कभी निज सुगुनहानि,
सद्गुरुचरणांबुजसेव सार, दीजे जगपति भव भव मंझार। २०

तुव दरश करूं परतक्ष देव, यह चाहि हिये वरतै सुमेव,
पावें जब लों नहिं मोक्षथान, तबलों यह देहु दयानिधान। २१

हम जाचत हैं कर जोरि जोरि, अघबंधन मेरे तोरि तोरि,
जिनबोधसुधा-सुख को भंडार, अब 'थान' हिये प्रगटो अपार। २२

(सुन्दरी)

निज स्वरूप हिये दरसावनी, सकल पातिगताप नसावनी,
सीमंधर जयदा जयमालही, धरत कंठ लहें शिवबालही। २३

ॐ ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थ श्रीसीमंधरजिनेन्द्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री समवसरण-जिनपूजा

(अडिल्ल छंद)

समवसरण जिनराज तनी रचना करी,
आगम उक्ति प्रमाण धनद निज कर करी,
करि रचना बहु भांति परम सुख पायके,
उद्यम पूजन कियो नाथ गुण गायके।

(दोहा)

सीमंधरादि जिन वीस लों, विदेहक्षेत्र जिनराय;
करत आह्वानन जजन पद, तिष्ठ तिष्ठ इत आय।

ॐ ह्रीँ विद्यमान विंशति तीर्थंकरा! अत्र अवतरत अवतरत संवौषट् इति आह्वानम्।

ॐ ह्रीँ विद्यमान विंशति तीर्थंकरा! अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीँ विद्यमान विंशति तीर्थंकरा! अत्र मम सन्निहितो भवत भवत वषट् सन्निधिकरणम्।

(अडिल्ल छंद)

समवसरणको विभव घेरि के जो परो,
धूलिशाल सुकोट नाम ताको धरो;
मानुषोत्र गिरि जजहु सुमन हरषायके,
सेवन जिनपदपद्म परो है आय के।

ॐ ह्रीँ श्री धूलिशालसंयुक्तसमवसरणमध्यविराजमानजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चढि सिवान पर जाय लख्यो सुरपति तहां,
धूलिशाल सुकोट धरे छबिको महा;
विजय नाम दरवाजे भीतर सो गयो,
मानस्थंभ विलोकि महा आनंद भयो।

(त्रिभंगी)

दिश चारि सुहावन अतिही पावन, मन हुलसावन जान कही;
लखि मानस्थंभा होत अचंभा, तहं जिनबिंबा पूज चही।
सुरपति सुर हूजे, जिनपद पूजे, आनंद हूजे मोद लही;
खग नर मुनि आवें, पूज रचावें, जिनगुण गावें दास तही।

ॐ ह्रीँ श्री समवसरणमध्यविराजमानजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे श्रीमानस्तंभमध्यविराजमान श्रीजिनप्रतिमापूजनार्थे अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छंद)

प्रथम भूमि शुभ मंदिरकी वरणी सही,
समवसरण मंझार महा शोभा लही;
जजन करत हरि जाय जहां शिर नायके,
दास करत आह्वानन शीश नवाय के।

(मेरी भावना)

गंगनदी कर नीर पुनीत, सुनिर्मल थीर भरौ सुथरो,
कै तसु प्रासुक गालि भली विधि, कंचन कुंभन मांहि भरो;
भूमि सुमंदिर चैत्य कही, जहं श्रीजिनराजहि भौन भनो,
पांचहि पांचहि मंदिर बीचन, पूजि जिनेश्वर कर्म हनो।

(त्रिभंगी)

जै जै जिनदेवा, भ्रमण हरेवा, कर्मन छेवा मोक्ष वरी,
भू प्रमथ वखानी मंदिरन मानी, चैत्य कहानी पूज करी;
इषु इषु के मांही जिनगृह आहीं, सुर तहं आहीं भाव धरी,
सुरपति संग पूजो, आनंद हूजो, नहिं सम दूजो दास तरी।

ॐ ह्रीँ श्रीसमवसरणमध्यविराजमानजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे श्रीचैत्यालयमध्यविराजमान जिनप्रतिमापूजनार्थे अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(गीता छंद)

शुभ नृत्य गान करे तहां, सुर ताल स्वर युत है कही;
हैं उठैं लहरें मध्य खाई, स्वच्छ बहु शोभा लही।
शोभाहु अमित अपार है, है धन्य जिन देखा तहीं;
भगवान तुम सेवक वाणी, के प्रसाद लखियो कही।

ॐ ह्रीं श्री खातिकासंयुक्तसमवसरणमध्यविराजमान श्रीजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छंद)

बना दूसरा कोट महा छबिवान है,
चारि भाग परमान लिये सौ जान है;
विदिशा में तसु थान वखानो है सही,
भूमि तीसरी पुष्पवाटिका है कही।

(भुजंगी छंद)

कहू बेल चम्पा चमेली कहूं है, कहूं जूही जाही निवारी कहूं है,
कहूं है गुलाब सुझींटी कहूं है, कहूं पैहिना मेंहदी गुल कहूं है।

ॐ ह्रीं श्री पुष्पवाटिकासंयुक्तसमवसरणमध्यविराजमान श्रीजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छंद)

लगे वृक्ष तहँ और अनेक सुजानियो,
भूप वृक्ष यह चारि विशेष वखानियो।
प्रथम अशोकवन सप्तपर्णका दूसरा,
तृतिया चंपक जान आम्र चौथे धरा।

(त्रोटक)

वनमांहि लसे बहु शोभ कही, बहु मंदिर पर्वत वाव रही;
तहं राजत ताल भले सुथरे, परिहास करें मिलि देव खरे।

ॐ ह्रीँ श्रीवनभूमिसंयुक्तसमवसरणमध्यविराजमान श्रीजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छंद)

भूमि पांचमी सुघर ध्वजा की है कही,
तीन ध्वजान के मध्य चिह्न ऐसे लही;
सिंह हस्ति वृष मोर गगन माला कही,
गरुड हंस चक्रवाक कमल के हैं सही।

ऐसे दशविधि चिह्न ध्वजमहीं देखिये,
पवन वेगको पाय लहरती पेखिये;
शोभा अमित अपार पार नहि पावते,
दास धन्य तित जन्म लखन जे जावते।

ॐ ह्रीँ श्री ध्वजभूमिसंयुक्तसमवसरणमध्यविराजमान श्रीजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छंद)

लसत अरण्य मंझार शोभ बहु धार हैं,
कल्पवृक्ष दिशि चारि महा सुखकार हैं;
बने तहां जिन भौन महा रमणीक हैं,
वापी और तळाव बने बहु ठीक हैं।

(पद्धरी छंद)

तिन वृक्षन डारी रही झूमि, तर चन्द्रकांत शिल काहि चूमि;
जहं ध्यान धरें मुनिराज आय, जे कर्मपुंज नाशक कहाय।

ॐ ह्रीँ श्री कल्पवृक्षभूमिसमवसरणमध्यविराजमान श्रीजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छंद)

सप्तम भूमि विशाल महा सुखकार है,
बने तूप तामांहि बडे छबिदार हैं;

कहुं लौकांतिक देवन नगर विलोकिये,
बसत जहाँ सुखधार चित्र तसु लोकिये।

(भुजंगी छंद)

बने वेदिकामांहि चित्राम जानो, लसे सुंदराकार नैना लुभानो;
कहीं श्री मुनिराजको संघ राजे, कही ध्यान धारे खडे भाव छाजे,
कहीं पद्म आसीन ठाढे कही हैं, कहीं धर्मवर्षा करे हैं कहीं है;
कहीं ध्यान आरण्यमांही दिये हैं; कहीं मेरुपै ठाढे ध्यानी भये हैं।

ॐ ह्रीँ श्रीस्तूपभूमिसंयुक्तसमवसरणमध्यविराजमान श्रीजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छंद)

भूमि आठमी गनहु सभाकी जो कही,
जगमग जगमग ज्योति दिशमें बढीं;
राति दिना को भेद जहां नहि लखाई,
गणधर मुनि आदि सभा शोभा बहु बनी।

ॐ ह्रीँ श्रीसभाभूमिसंयुक्तसमवसरणमध्यविराजमान श्रीजिनेन्द्रदेवाय चरणकमलपूजनार्थे कुंदकुंदादिमुनिराजचरणकमलपूजनार्थे अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छंद)

गंधकुटी अति सरस तहां पर जानिये,
तीन पीठ सिंहासन तहं परमानिये;
तीन छत्र शिर फिरत भले ही पेखिये,
बैठे जिनवर देव चार मुख देखिये।

अंतरिक्ष जिनराज बिराजत हैं सही,
गगन विषे भगवान वचन निश्चय कही;
निराधार जिनदेव विराजत हैं तहीं,
दास धन्य तिन भाग्य दरश जिन तहं लहीं।

ॐ ह्रीँ श्रीपीठत्रयसंयुक्तसमवसरण मध्ये अंतरिक्षविराजमान श्रीजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(त्रिभंगी छंद)

जय जय जिनराया, कर्मनशाया ज्ञान उपाया बलिहारी,
मिथ्यात्व निवारा धर्म पसारा, करि उजियारा भ्रमटारी।
तुमरे युगचरणा, भवभ्रमहरणा, आनंदकरणा चित्तधारी;
ते होय सुखारी, पुण्यभंडारी, मोक्ष विहारी मुदकारी।

ॐ ह्रीँ श्रीदिव्यवैभवसंयुक्तसमवसरणमध्यविराजमान श्रीजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

(दोहा)

समवसरणमें आईयो सीमंधरादि जिन वीस;
अष्टोत्तरशत नाम कहि इन्द्र नमायो शीश।

(पद्धरी छंद)

स्वर्गागमसद्योजात नाम, जन्माभिषेक सोवाम नाम;
अतिरूप होत सो काम नाम, आधार नाम शांति प्रणाम। १

केवल लहि जग ईश्वर कहाय, तुम वसनहार शिवसदन जाय;
तुम मोह मल्लको किन्हो चूर, है वीतराग संज्ञा हजूर। २

हो वीर्य अनंतहि धरणहार, तुम हो अनंत सुख के भंडार;
तुम लोक अलोकहि लखनहार, हो अनंतदान दानी उदार। ३

तुम हो स्वामी लाभाहि अनंत, भोगोपभोग तुमरो अनंत;
तुम क्रोध मान माया विदार, तुम लोभशत्रु कीन्हों संहार। ४

तुम विषय कषाय किये विनाश, जितशत्रु नाम तुमरो प्रकाश;
तुम योगीश्वर योगेन्द्र देव, तुम परमयोग योगीन सेव। ५

७

तुम नाम अयोनी योनिक्षेव, तुम परम ऋषीश्वर आप देव;
तुम सब विद्यापति हो अनूप, तुम परमतत्त्व परमात्मरूप। ६

तुम परम प्रतापी दुःख निवार, हो बंध कलंकहि हरणहार;
हो परमधाम के ईश आप, हो परम ज्योति तिमिरांत आप। ७

तुम दोष मोहक्षय करणहार, गति पंचम प्रापति करणहार;
तुम स्वगत स्वव्यापक सर्वमांहि, सर्वज्ञनाम तासों कहाहि। ८

तुम ज्ञान अतीन्द्रियदेवरूप, तुम नाथ अतीन्द्रिय सुक्ख भूप;
तुम मन इन्द्रिय सों रहित देव, काया बंध रहित अकायदेव। ९

तुम लेश्या रहित सुलेश्यधार, तुम भव्याभव्यदशा निवार;
तुम सैनि असैनी रहित देव, तुम निर्मल आत्मस्वरूपदेव। १०

तुम संज्ञा चारि दियो निवार, तुम सदा तृप्त हो निराहार;
तुम भवसागरसों पार देव, तुम जन्मजरामृतु रहित देव। ११

तुम अचल सु पदधारी कहेव, तुम अक्ष अवनिश्वर आप देव;
तुम गुण अनंत धारक वखान, लक्षण वसु अेक सहस प्रमान। १२

कहि अेक सहस वसु नाम सार, तुमरे त्रिभुवन पति जिनउदार,
करि भावभक्ति अतिही ललाम, सुरपति कीन्हों तुम पद प्रणाम। १३

है अेक सहस वसु नाम धार, हे भववारिधि तारण उदार;
परमात्म विभु सेवक सु आप, कर जोरि नमूं द्यो शिव निवास। १४

ॐ ह्रीं श्रीसमवसरणमध्यविराजमान श्रीजिनेन्द्रदेवाय चरणकमलपूजनार्थे अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री समवसरण-जिनपूजा

(सवैया इकतीसा)

सीमंधर जिनराय, समवसरणके माय,
राजैं सिंहपीठमांही, गंधकुटी जानिये,
तहंकी विभूति वर, वर्णि सकै कौन नर,
रचिय धनद जिहि, निज कर आनिये;
तीन लोककी बखान, लछमी सकल आन,
छाय रही जहां जान, तहां क्या बखानिये,
करत आव्हान दास, जोरी पाणि शीश नाय,
तिष्ठ तिष्ठ देव आय, पूज पद ठानिये।

(दोहा)

सीमंधर जिनवर प्रभु, तीन जगतके नाथ,
पूजन पद हित करत हौं, आव्हानन नय माथ।

ॐ ह्रीँ श्रीसमवसरणमध्यविराजमान श्रीजिनेन्द्रदेव! अत्र अवतर अवतर संवौषट् इति आह्वाननम्।

ॐ ह्रीँ श्रीसमवसरणमध्यविराजमान श्रीजिनेन्द्रदेव! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीँ श्रीसमवसरणमध्यविराजमान श्रीजिनेन्द्रदेव! अत्र मम सन्निहितो भवत भवत वषट् सन्निधिकरणम्।

(गीता छंद)

हिमवान के द्रह पद्मसों, निकसी नदी गंगा कही,
तसु नीर थीर गहीर निर्मल गालिके लीजे सही;
श्री समवसरण के मध्य, श्री जिनेन्द्रदेव निहारिके,
मन वचन काय लगाय पूजों, हर्ष बहु हिय धारिके।

ॐ ह्रीँ श्रीसमवसरणमध्यविराजमानश्रीजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे जलं निर्वपामीति स्वाहा।

वर मलय गिरिको शीत चंदन, घसौं कुंकुम मेवही;
तिहिं मिले कदली नंदको भरि, हेम कुंभहि लेवही।
श्री समवसरण के मध्य, श्री जिनेन्द्रदेव निहारिके,
मन वचन काय लगाय पूजों, हर्ष बहु हिय धारिके।

ॐ ह्रीँ श्रीसमवसरणमध्यविराजमानश्रीजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

झिनवा कमोद सुदेव जीरक, शाल सौरभयुत कही;
अनियार अंड निकार कै, परछाल थाल धरौं तहीं। श्री स०

ॐ ह्रीँ श्रीसमवसरणमध्यविराजमानश्रीजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

बेला चमेली जाहि जूहि, मोंगरा के जानिये;
फल पिता पाटल कमलके, भरि थार कंचन आनिये। श्री स०

ॐ ह्रीँ श्रीसमवसरणमध्यविराजमानश्रीजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

वर अर्द्धचन्द्र सुहाल फेनी, खाजला खुरमा वरे;
मोदक रसाजैं रसगुला, रसपूर भरु थारा भरे। श्री स०

ॐ ह्रीँ श्रीसमवसरणमध्यविराजमानश्रीजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ दीप मणि करपूर के, अथवा घिरत के हैं कहे;
जिनके प्रकाश विकास सों, अंधमोह बाजत हैं तहे। श्री स०

ॐ ह्रीँ श्रीसमवसरणमध्यविराजमानश्रीजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे दीपं निर्वपामीति०

दश गंध धूप लियाय सुन्दर, अगनि मांहि जराईये;
जसु धूम गंध सुपाय अलिगण, चहूं दिशि सों धाईअे। श्री स०

ॐ ह्रीँ श्रीसमवसरणमध्यविराजमानश्रीजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

लव मोच चोंच जंभीर नारंग, श्रीफलादिक जानिये,
सु अनार औ सहकारयुत, भरि थार कंचन आनिये। श्री स०

ॐ ह्रीँ श्रीसमवसरणमध्यविराजमानश्रीजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल मलय अक्षत पुष्प नेवज, दीप धूप फलानही,
करी द्रव्य ईकठो आठहू भरि, थार कंचन आनही। श्री स०

ॐ ह्रीँ श्रीसमवसरणमध्यविराजमानश्रीजिनेन्द्रदेवाय पूजनार्थे अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

(दोहा)

समवसरणमें आईये, सीमंधरादि जिन वीश;
अष्टोत्तरशत नाम कहि, इन्द्र नमायो शीश।

(पद्धरी छंद)

तुम लोक हितू हो लोकपाल, तुम लोकपती होंगे दयाल;
तुम लोकमान्य हो लोकईष्ट, तुम लोकपिता परमोतकृष्ट। १

तुम लोकबंधु हो लोकनाथ, तुम लोकोत्तम हो लोकगाथ,
तुम जिनधर्मी तुम जैनधर्म, तुम संचालक हो जैनधर्म। २

तुम जिनपति हो रक्षक दयाल, जिन आत्मा जैनिन पूज्यपाय;
तुम आप आपमें आप लीन, तुम आत्मवृत्ति धारक प्रवीन। ३

तुम हो अचिंत वृत्ति धरणहार, तुम समवसरण लक्ष्मी शिंगार;
तुम तो विंदावर जगत ज्येष्ठ, तुम ज्ञानमांहि स्वयमेव श्रेष्ठ। ४

तुम वदतांवर वदता के ईश धरणेन्द्र नमें तुम चरण शीश;
तुम कामशत्रुके हरण देव, जितमार नाम तुमरो कहेव। ५

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ-३६४२५०

तुम जन्म जरा मृतु कियो दूर, त्रिपुरारि नाम तासों हजूर;
तुम चार घातिया कर्मनाश, वर केवळज्ञान लह्यो प्रकाश। ६

तुम भव अनंत कीन्हें संहार, तासों अनंत जित नामधार;
तुम जीत्यो दुर्जय काल देव, तुम नाम मृत्युंजय है कहेव। ७

तुम लोकहितू सब कर्मचूर, तासों ईश्वर संज्ञा हजूर;
त्रैकाल चराचर सब लखेव, तुम तीन नेत्रधारक कहेव। ८

तुम मोह अंधको किन्हों हान, तुम नाम अंधकान्तक बखान;
वसु कर्मन में कियो चारि घात, है अर्ध नारीश्वर नाम तात। ९

तुम चार शरण मंगल अगाध, वच केवल अरहंत सिद्ध साध,
तुम उत्तम मंगल शरण देव, पद पंच परम पावन धरेव। १०

ॐ ह्रीँ श्रीसमवसरणमध्यविराजमानसीमंधरादिजिनेन्द्रदेवन्द्रदेवाय पूजनार्थे अनर्घ्यपदप्राप्तये महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री जिनेन्द्रपूजा

(दोहा)

प्रभु तुम राजा जगतके, हमें देय दुःख मोह;
तुम पद पूजा करत हूं, हमपै करुना होहि।

ॐ ह्रीँ श्रीभगवज्जिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट् इति आह्वाननम्।

ॐ ह्रीँ श्रीभगवज्जिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीँ श्रीभगवज्जिनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं।

(दोहा)

मलिन वस्तु उज्ज्वल करे, यह स्वभाव जलमांय;
जलसे जिनपद पूजिये, कृत कलकं मिट जाय।
नीर बुझावे अग्निको, तृषा रोग नहि जाय;
तृषारोग प्रभु तुम हरो, यातें पूजूं पाय।

ॐ ह्रीँ श्रीभगवज्जिनेन्द्रदेवाय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

तपत वस्तु शीतल करे, चंदन शीतल आप;
चंदनसे पूजा करूं, मिटे मोह संताप।
चंदन शीतलता करे, भवाताप नहिं जाय;
भवाताप प्रभु तुम हरो, यातैं पूजूं पाय।

ॐ ह्रीँ श्रीभगवज्जिनेन्द्रदेवाय संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

तंदुल धवल पवित्र अति, नाम सु अक्षत तास;
अक्षत सों जिन पूजिये, अक्षय गुण परकाश।
अक्षय अक्षय मैं कहूं, सो अक्षय पद नांय;
महा अक्षय पद तुम लियो, यातैं पूजूं पाय।

ॐ ह्रीँ श्रीभगवज्जिनेन्द्रदेवाय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्प चापघर पुष्प शर, धारी मनमथ वीर;
यातैं पूजा पुष्पकी, हरै मदनकी पीर।

कामबाण पुष्पे हरो, सो तुम जीते राय;
यातैं मैं पायन पड़ूं, मदन काम नशि जाय।

ॐ ह्रीँ श्रीभगवज्जिनेन्द्रदेवाय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

परम अन्न नैवेद्य विधि, क्षुधाहरण तन पोष;
जो पूजे नैवेदसों, मिटे क्षुधादिक रोग।
भोजन नानाविधि किये, मूल क्षुधा नहि जाय;
क्षुधा रोग प्रभु तुम हरो, यातैं पूजूं पाय।

ॐ ह्रीँ श्रीभगवज्जिनेन्द्रदेवाय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आपापर देखे सकल, निशिमें दीपक ज्योत;
दीपकसों जिन पूजिये, निर्मल ज्ञान उद्योत।
दीपघटा घटमें बसै, ज्ञानघटा घटमांय;
ढूंढत डोलै कर्मको कृतकलंक मिट जाय।

ॐ ह्रीँ श्रीभगवज्जिनेन्द्रदेवाय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

पावक दहै सुगंधको, धूप चढावै सोय;
खेवत धूप जिनेशको, अष्ट कर्म क्षय होय।
जब धूपायनमें लगे, ध्यान अग्नि कर वीर;
कर्म काठिया खेईये, त्रिभुवनपति गम्भीर।

ॐ ह्रीँ श्रीभगवज्जिनेन्द्रदेवाय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

जो जैसी करनी करै, सो तैसा फल लेय;
फलपूजा महाराजकी, निश्चय शिवफल देय।
फलियन फलियन मैं कहूं, सो फलियन फल नाहि;
महा मोक्षफल तुम लियो, यातैं पूजूं पाय।

ॐ ह्रीँ श्रीभगवज्जिनेन्द्रदेवाय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जलधारा चंदन घसी, अक्षत पुष्प नैवेद्य;
दीप धूप फल अर्घ्ययुत, ये पूजा वसुमेव।

ये जिनपूजा अष्टविध, कीजे कर शुचि अंग;
प्रति पूजा जलधारसु, दीजे धार अभंग।

ॐ ह्रीँ श्रीभगवज्जिनेन्द्रदेवाय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

(दोहा)

इही विधि ठाडो होयके, प्रथम पढै जो पाठ;
धन्य जिनेश्वर देव तुम, नाशे कर्म जु आठ। १

अनंत चतुष्टयके धनी, तुम ही हो सिरताज;
मुक्तिवधूके कंथ तुम, तीन भुवनके राज। २

तिहुं जगकी पीडा हरण, भवदधि शोषणहार;
ज्ञायक हो तुम विश्वके, शिवसुखके करतार। ३

हरता अघ अंधियारके, करता धर्मप्रकाश;
थिरता पद दातार हो, धरता निजगुणराश। ४

धर्मामृत उर जलधिसों, ज्ञान-भानु तुम रूप;
तुमरे चरण सरोजको, नावत तिहुं जगभूप। ५

मैं वंदौं जिनदेवको, कर अति निरमल भाव,
कर्म बंधके छेदने, और न कछु उपाय। ६

भविजनको भयकूपतैं, तुम ही काढनहार;
दीनदयाल अनाथपति, आतम गुणभंडार। ७

चिदानंद निर्मल कियो, धोय कर्म रज मैल;
सरल करी या जगतमें भविजनको शिवगैल। ८

तुम पदपंकज पूजतैं, विघ्न रोग टर जाय;
शत्रु मित्रताको धरै, विष निरविषता थाय। ९

चक्री खगधर इन्द्रपद, मिलैं आपतें आप;
अनुक्रम कर शिवपद लहैं, नेम सकल हनि पाप। १०

तुम विन मैं व्याकुल भयो, जैसे जलविन मीन;
जन्म जरा मेरी हरो, करो मोहि स्वाधीन। ११

पतित बहुत पावन किये, गिनती कौन करेय;
अंजनसे तारे कुधी, जय जय जय जिनदेव। १२

थकी नाव भवदधि विषे, तुम प्रभु पार करेय;
खेवटिया तुम हो प्रभु, जय जय जय जिनदेव। १३

राग सहित जगमें रुल्यो, मिले सरागी देव;
वीतराग भेटयौ अबै, मेटो राग कुटेव। १४

कित निगोद, कित नारकी, कित तिर्यंच अज्ञान;
आज धन्य मानुष भयो, पायो जिनवर थान। १५

तुमको पूजैं सुरपति, अहिपति नरपति देव;
धन्य भाग्य मेरो भयो, करन लग्यो तुम सेव। १६

अशरणके तुम शरण हो, निराधार आधार;
मैं डूबत भवसिंधुमें, खेओ लगाओ पार। १७

इन्द्रादिक गणपति थके, कर विनती भगवान;
अपनो विरद निहारिकैं, कीजे आप समान। १८

तुमरी नेक सुदृष्टितैं, जग उतरत है पार;
हा हा डूब्यो जात हों, नेक निहार निकार। १९

जो में कहहूं औरसों, तो न मिटै उरझार;
मेरी तो तौसों बनी, तातैं करौं पुकार। २०

वंदो पांचौं परमगुरु, सुरगुरु वंदत जास;
विघन हरन मंगल करन, पूरन परम प्रकाश। २१

चौवीशों जिनपद नमों, नमो शारदा माय;
शिवमग साधक साधुं नमि, रच्यो पाठ सुखदाय। २२

ॐ ह्रीँ श्री वीतरागपरमेश्वराय अनर्घ्यपदप्राप्तये महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री चौबीस-जिनपूजा

(कवित्त छंद)

वृषभ अजित संभव अभिनंदन, सुमति पद्म सुपास जिनराय,
चंद पुहुप शीतल श्रेयांस नमि, वासुपूज्य पूजित सुरराय;
विमल अनंत धरम जस उज्ज्वल, शांति कुंथु अर मल्लि मनाय,
मुनिसुव्रत नमि नेमि पार्श्वप्रभु, वर्धमान पद पुष्प चढाय।

ॐ ह्रीँ श्रीवृषभादिवीरान्तचतुर्विंशतिजिनसमूह! अत्र अवतरत अवतरत संवौषट् इति आह्वाननम्। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्, अत्र मम सन्निहितो भवत भवत वषट् सन्निधिकरणं।

(नंदीश्वरनी चाल)

मुनिमन सम उज्ज्वल नीर, प्रासुक गंध भरा,
भरि कनक कटोरी धीर, दीनी धार धरा;
चौवीसों श्री जिनचंद, आनंदकंद सही,
पद जजत हरत भवफंद, पावत मोक्ष मही।

ॐ ह्रीँ श्रीवृषभादिवीरान्तेभ्यः जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

गोशीर कपूर मिलाय, केशर रंग भरी;
जिन चरनन देत चढाय, भव आताप हरी। चौवीसों०

ॐ ह्रीँ श्रीवृषभादिवीरान्तेभ्यः भवतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

तंदुल सित सोम समान, सुंदर अनियारे;
मुक्ताफल की उनमान, पुंज धरों प्यारे।
चौवीसों श्री जिनचंद, आनंदकंद सही,
पद जजत हरत भव फंद, पावत मोक्ष मही।

ॐ ह्रीँ श्रीवृषभादिवीरान्तेभ्यः अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

वर कंज कदंब करंड, सुमन सुगंध भरे;
जिन अग्र धरों गुणमंड, काम कलंक हरे। चौवीसों०

ॐ ह्रीँ श्रीवृषभादिवीरान्तेभ्यः कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

मन मोदन मोदक आदि, सुंदर सद्य बने;
रसपूरित प्रासुक स्वाद, जजत क्षुधादि हने। चौवीसों०

ॐ ह्रीँ श्रीवृषभादिवीरान्तेभ्यः क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तमखंडन दीप जगाय, धारों तुम आगे;
सब तिमिरमोह क्षय जाय, ज्ञानकला जागे। चौवीसों०

ॐ ह्रीँ श्रीवृषभादिवीरान्तेभ्यः मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

दशगंध हुतासन मांहि, हे प्रभु खेवत हों;
मिस धूम करम जरि जांहि, तुम पद सेवत हों। चौवीसों०

ॐ ह्रीँ श्रीवृषभादिवीरान्तेभ्यः अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

शुचि पक्व सरस फल सार, सब ऋतुके ल्यायो;
देखत दृग–मनको प्यार, पूजत सुख पायो। चौवीसों०

ॐ ह्रीँ श्रीवृषभादिवीरान्तेभ्यः मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल फल आठों शुचि सार, ताको अर्घ करों;
तुमको अरपों भवतार, भवतरि मोक्ष वरों। चौवीसों०

ॐ ह्रीँ श्रीवृषभादिवीरान्तेभ्यो अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

(दोहा)

श्रीमत तीरथनाथ पद, माथ नाय हितहेत,
गाऊं गुणमाला अबै, अजर अमर पद देत। १

(धत्तानंद छंद)

जय भवतम भंजन जनमन कंजन, रंजन दिनमनि स्वच्छ करा;
शिवमग परकाशक अरिगण नाशक, चौवीसों जिनराज वरा। २

(पद्धरि छंद)

जय रिषभदेव रिषिगन नमंत, जय अजित जीत वसु अरि तुरंत,
जय संभव भवभय करत चूर, जय अभिनंदन आनंदपूर। ३
जय सुमति सुमतिदायक दयाल, जय पद्म पद्म दुति तन रसाल,
जय जय सुपास भवपास नाश, जय चंद चंदतनदुति प्रकाश। ४
जय पुष्पदंत दुतिदंत सेत, जय शीतल शीतल गुननिकेत,
जय श्रेयनाथ नुत सहसभुज्ज, जय वासवपूजित वासुपूज्ज। ५
जय विमल विमलपद देनहार, जय जय अनंत गुनगन अपार,
जय धर्म धर्म शिवशर्म देत, जय शांति शांति पुष्टी करेत। ६
जय कुंथु कुंथुवादिक रखेय, जय अर जिन वसुअरि छय करेय,
जय मल्लि मल्ल हतमोहमल्ल, जय मुनिसुव्रत व्रतशल्लदल्ल। ७
जय नमि नित वासवनुत सप्रेम, जय नेमिनाथ वृषचक्रनेम,
जय पारसनाथ अनाथनाथ, जय वर्धमान शिवनगर साथ। ८

(छंद धत्तानंदा)

चौवीस जिनंदा आनंदकंदा, पापनिकंदा सुखकारी;
तिनपद जुगचंदा उदय अमंदा, [1]वासव-वंदा हितकारी।

ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरान्तेभ्यो अनर्घ्यपदप्राप्तये महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

---

१. वासव = इन्द्र

(सोरठा)

भक्ति मुक्ति दातार, चौवीसौं जिनराज वर;
तिन पद मन वच धार, जो पूजै सो शिव लहै।

॥ इत्याशीर्वादः पुष्पांजलिं क्षिपेत् ॥

श्री आदिनाथ-जिनपूजा

(अडिल्ल छंद)

कर्मभूमिकी आदि रिषभ जिनवर भये,
धर्मपंथ दरशाय सकल जग सुख दये;
तिनके पद उर ध्याइ हरष मनमें धरूं,
अत्र तिष्ट जिनराज चरण पूजा करूं।

ॐ ह्रीँ श्री आदिनाथजिनेंद्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट् इति आह्वाननम्।

ॐ ह्रीँ श्री आदिनाथजिनेंद्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीँ श्री आदिनाथजिनेंद्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं।

(सुन्दरी छंद)

परम पावन उज्ज्वल लायके, जल जिनेश्वर चरण चढायके;
जनम मरण त्रिदोष सबै हरूं, रिषभदेव चरणपूजा करूं।

ॐ ह्रीँ श्री आदिनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

सरस चंदन गंध सुहावनो, परम शीतल गुण मन भावनो;
जन्मताप तृषादुखको हरूं, रिषभदेव चरणपूजा करूं।

ॐ ह्रीँ श्री आदिनाथजिनेन्द्राय भवतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

शरद इन्दु समान सुहावनो, अमल अक्षत स्वच्छ प्रभावनो;
सहज रूप सुधी रमणी वरूं, रिषभदेव चरनपूजा करूं।

ॐ ह्रीँ श्री आदिनाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

कुसुमरत्न सुवर्णमई करों, कनक भाजनमें बहुते भरों;
मदनबान महादुखको हरूं, रिषभदेव चरनपूजा करूं।

ॐ ह्रीँ श्री आदिनाथजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

सरस मोदन पावक लीजिये, चरु अनेक प्रकार सुकीजिये;
असदवेद्य क्षुधा दुखको हरूं, रिषभदेव चरनपूजा करूं।

ॐ ह्रीँ श्री आदिनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रतनदीप अमोलक लीजिये, निज सुयोग्य मनोहर कीजिये;
अतुल मोहमहातम को हरूं, रिषभदेव चरनपूजा करूं।

ॐ ह्रीँ श्री आदिनाथजिनेन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

सरस धूप सुगंध सुहावनी, अगर आदिक द्रव्य सुपावनी;
धूप खेय दुखद विधिको हरूं, रिषभदेव चरनपूजा करूं।

ॐ ह्रीँ श्री आदिनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

सरस मिष्ट फलावलि लीजिये, चरण जिनवर भेट करीजिये;
सहज रूप सुधी रमणी वरूं, रिषभदेव चरनपूजा करूं।

ॐ ह्रीँ श्री आदिनाथजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जलफलादिक द्रव्य मिलायके, कनकथाल सु अर्घ बनायके;
निज स्वभाव अरी विधिको हरूं, रिषभदेव चरनपूजा करूं।

ॐ ह्रीँ श्री आदिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचकल्याणक अर्घ

(मोतियादाम छंद)

अषाढ वदी द्वितिया दिन जान, तजो सरवारथसिद्धि विमान;
भयौ गरभागम मंगल सोय, नमूं जिनको नित हर्षित होय।

ॐ ह्रीँ अषाढवदीद्वितियायां गर्भकल्याणकप्राप्ताय श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सुचैत वदी नवमी दिन जान, भयौ शुभ ता दिन जन्मकल्यान;
सुरासुर इन्द्र शचीजुत आय, करौ गिरशीस महोत्सव जाय।

ॐ ह्रीँ चैत्रवदीनवम्यां जन्मकल्याणकप्राप्ताय श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

वदी नवमी शुभ चैत बताय, प्रभु ढिंग देव रिषीश्वर आय;
करी बहु भक्ति नवाय सुभाल, लयौ तप तादिन श्री जिन हाल।

ॐ ह्रीँ श्री चैत्रवदीनवम्यां तपकल्याणकप्राप्ताय श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

वदी शुभ ग्यारस फाल्गुन जान, सु तादिन घाति हने भगवान;
करौ वर केवलज्ञानप्रकाश, हरो जगको भ्रम मोहविलास।

ॐ ह्रीँ फाल्गुनवदी अेकादशम्यां ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

वदी शुभ माघ चतुर्दसि जान, लयौ प्रभुने शिवथान महान;
करौ बहु उत्सव इन्द्र नरेंद्र भरौ मम आश सदा जिनचंद्र।

ॐ ह्रीँ महावदीचतुर्दश्यां मोक्षकल्याणकप्राप्ताय श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ-३६४२५०

जयमाला

(दोहा)

आदि धर्म करता प्रभु, आदि ब्रह्म जगदीश,
तीर्थंकर पद जिहि लयौ, प्रथम नवाउं शीश।

(भुजंगप्रयात छंद)

नमो देव देवेन्द्र तुम चर्ण ध्यावे,
नमो देव इन्द्रादि सेवक रहावै;
नमो देव तुमको तुम्ही सुखदाता
नमो देव मेरी हरो दुख असाता। १

तुम्ही ब्रह्मरूपी सुब्रह्मा कहावौ,
तुम्ही विष्णु स्वामी चराचर लखावौ;
तुम्ही देव जगदीश सर्वज्ञ नामी,
तुम्ही देव तीर्थेश नामी अकामी। २

सुशंकर तुम्ही हो तुम्ही सुक्खकारी,
सुजन्मादि त्रयपुर तुम्ही हो विदारी;
धरैं ध्यान जो जीव जगके मझारी,
करै नास विधिको लहैं ज्ञान भारी। ३

स्वयंभू तुम्ही हो महादेव नामी,
महेश्वर तुम्ही हो तुम्ही लोकस्वामी;
तुम्हें ध्यानमें जो लखें पुन्यवंता,
वही मुक्तिको राज विलसैं अनंता। ४

तुम्ही हो विधाता तुम्ही नंददाता,
नमै जो तुम्हें सो सदानंद पाता;
हरौ कर्मके फंद दुखकंद मेरे,
निजानंद दीजै नमों चर्ण तेरे। ५

Shri Digambar Jain Swadhyay Mandir Trust, Songadh - 364250

महा मोहको मारि निज राज लीनौ,
महाज्ञानको धारि शिववास कीनौ;
सुनो अर्ज मेरी रिषभदेव स्वामी,
मुझे वास निज पास दीजे सुधामी। ६

(दोहा)

नाभिराय मरुदेवी सुत, सदा तुम्हारी आस;
मनवचकाय लगायके, नमें जिनेश्वरदास। १

ॐ ह्रीं श्री आदिनाथजिनेन्द्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छंद)

वर्तमान जिनराय भरत के जानिये,
पंचकल्यानक धारि गये शिव थानिये;
जो नर मनवचकाय प्रभु पूजै सही,
सो नर दिवसुख पाय लहै अष्टम मही।

॥ इत्याशीर्वादः पुष्पांजलिं क्षिपत् ॥

जयमाला

( )

अमरनयरि सम नयरि अयोद्धा, नाभिनरेंद्र वसे जिनबुद्धा,
तस पटराणी मरुदेवी माया, युगपति आदिजिनेश्वर जाया;
सुरपति मेरु शिखर लई चढिया, कनक-कलश क्षीरोदक भरिया । १

चैतमास अभिषेक जु करिया, अष्टोत्तर-शत कुंभ उधरिया;
सुरपति०....२

भविकन जलधारा संचरिया, ललित-कलोल धरणी उतरिया;
सुरपति०....३

जय जय असुरनिकरि उचरिया, इंद्रइंद्राणी सिंहासन धरिया;
सुरपति०....४

अंगअनंग विभूषिण धरिया, कुंडल हार हरित मणि जड़िया;
सुरपति०....५

वृषभ नाम शतसुख विस्तरिया, कमलनयन कमलापति कहिया;
सुरपति०....६

युगला धरम निवारण करिया, सुर नर निकट गंधोदक महिया;
सुरपति०....७

हेम हेमांशु घनसरिया, भूरि सुगंध गंध परसरिया;
सुरपति०....८

रतन कचोळां कुमारीने भरिया, जिन-चरणांबुज पूजित हरिया;
सुरपति०....९

अक्षत अक्षत वात्सल हरिया, रोहिणीकंथ कारण समोसरिया;
सुरपति०....१०

देखत रुचिकर अमर निकरिया, पंचमुष्ठि जिन आगे धरिया;
सुरपति०....११

सुंदर पारिजात मोघरिया, कमल बकुल पांडल कुमुदरिया;
सुरपति०....१२

चरुवर दीप लेई अपछरिया, जिनवर आगे उतारी धरिया;
सुरपति०....१३

अगर कपूर धूप फल फलिया, फल रसाल मधुर रस मलिया;
सुरपति०....१४

कुसुमांजलि सु धरे समुजलिया, पंडितराय अभेवच कहिया;
सुरपति०....१५

त्रिभुवन कीरति पंकज वरिया, रत्नभूषण सुरि महापद कहिया;
सुरपति०....१६

ब्रह्मकृष्ण जिनराज विस्तरिया, जयजयकार करी मनहरिया;
सुरपति०....१७

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री आदिनाथ-जिनपूजा

(छप्पय)

बाह्याभ्यंतर संग त्याग थिर शुक्लध्यानमें,
तिरसठको क्षय पाय, अनंत चतुष्टय छिनमें;
समवसरणयुत देव दोष अष्टादश रहिता,
आदिनाथ जिन आय तिष्ठ, सनहित अघ हरता।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् इति आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(छंद हरिगीत)

हेमझारीमें मनोहर क्षीरजल भर लीजिये,
त्रयदोष नाशन हेतु, श्रीजिन अग्रधारा दीजिये;
सौराष्ट्रदेशे स्वर्णपुर पावन सुमंगल ग्राम है,
प्रभु आदिनाथ जिनेश पूजों, मोक्षसुखके धाम हैं।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्व०

अतिरम्य शीतल दाहनाशक, मलय चंदन गारिये,
संसारताप विनाश हेतु, जिनेशपद तल धारिये;
सौराष्ट्रदेशे स्वर्णपुर पावन सुमंगल ग्राम है,
प्रभु आदिनाथ जिनेश पूजों, मोक्षसुखके धाम हैं।

ॐ ह्रीँ श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय भवातापविनाशनाय चंदनं निर्व०

मणिचंद्रकांति समान श्वेत, अखंड अक्षत लाईअे,
अक्षय अबाधित मोक्षपदकी, प्राप्ति हेतु चढाईअे;
सौराष्ट्रदेशे स्वर्णपुर पावन सुमंगल ग्राम है,
प्रभु आदिनाथ जिनेश पूजों, मोक्षसुखके धाम हैं।

ॐ ह्रीँ श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्व०

शुभ अमल कमल सुचारु चंपा, सुमन गंधित ले धरो,
खल काम मद भंजन श्रीजिनवर, देव पद अर्पण करो;
सौराष्ट्रदेशे स्वर्णपुर पावन सुमंगल ग्राम है,
प्रभु आदिनाथ जिनेश पूजों, मोक्षसुखके धाम हैं।

ॐ ह्रीँ श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्व०

धृत पक्व सुन्दर सद्य मोदक, कनक भाजनमें भरो,
ऋषभ पदाब्ज चढाय चिर दुख, मूल भूख व्यथा हरो;
सौराष्ट्रदेशे स्वर्णपुर पावन सुमंगल ग्राम है,
प्रभु आदिनाथ जिनेश पूजों, मोक्षसुखके धाम हैं।

ॐ ह्रीँ श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्व०

जिन चन्द्र त्रिभुवन नाथ सन्मुख, रत्न दीप प्रकाशिये,
अति मोद युत करि आरती, अज्ञान तिमिर विनाशिये;
सौराष्ट्रदेशे स्वर्णपुर पावन सुमंगल ग्राम है,
प्रभु आदिनाथ जिनेश पूजों, मोक्षसुखके धाम हैं।

ॐ ह्रीँ श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्व०

शुचि मलय अगुरु सुवास पूरित, चूरि अनल प्रजालिअे,
सुखधाम शिवरमणी वरो, अरि अष्ट कर्म जलाईये;
सौराष्ट्रदेशे स्वर्णपुर पावन सुमंगल ग्राम है,
प्रभु आदिनाथ जिनेश पूजों, मोक्षसुखके धाम हैं।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्व०

श्रीफल बदाम मनोज्ञ दाडिम, मधुर फल सुख मूल ले,
प्रभु पद सरोज चढाय अनुपम, मोक्षफल अनुकूल ले;
सौराष्ट्रदेशे स्वर्णपुर पावन सुमंगल ग्राम है,
प्रभु आदिनाथ जिनेश पूजों, मोक्षसुखके धाम हैं।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्व०

अत्यंत निर्मल पूर्व आठों, द्रव्य अेकत्रित करो,
अरि अष्ट हनि गुण अष्ट संयुत, शीघ्र मुक्तिरमा वरो;
सौराष्ट्रदेशे स्वर्णपुर पावन सुमंगल ग्राम है,
प्रभु आदिनाथ जिनेश पूजों, मोक्षसुखके धाम हैं।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्व०

जयमाला

(त्रिभंगी छंद)

भवजलनिधि तारण, शिवसुख कारण, प्रतिपालित निर्मल चरणं,
करुणारस सागर, परम गुणाकर, जय जिन सकल भुवन शरणं।

(त्रोटक वृत)

वरदं सरदिंदुशोनिकरं, निजज्ञान कलायुत भानिकरं,
संसार पयोनिधि तारतरं, प्रणमामि जिनं शिवसौख्यकरं।

गतधर्मजलं परमुक्तमलं, पय सदृश रक्त सुनंत बलं;
संहनन प्रथम संस्थान वरं, प्रणमामि जिनं शिवसौख्यकरं।

शुभ रूप जितातनु कोटि विभुं, वसु शत मित लक्षण युक्त प्रभु;
पर सौरभता वर कीर्तिधरं, प्रणमामि जिनं शिवसौख्यकरं।

प्रिय वाक्य हितं सुरवृन्द नुतं, यतिराज विराजित नाभिसुतं;
परमं परतर्जित पुष्पसरं, प्रणमामि जिनं शिवसौख्यकरं।

शतयोजन इति दुर्भिक्षजयं, गगनांगण लंघन जंतु दयं;
गतभुक्ति जितं उपसर्ग चरं, प्रणमामि जिनं शिवसौख्यकरं।

चतुरं चतुरानन मोहजितं, सकलामल केवल बोधवरं;
विगतं प्रति मंगल नेत्र चरं, प्रणमामि जिनं शिवसौख्यकरं।

समकेस सदा नख पाद करं, सकलार्थ प्रगट कर वाक्य वरं;
भामंडल दर्शित भव प्रवरं, प्रणमामि जिनं शिवसौख्यकरं।

शशि लज्जित कर त्रय छत्रवरं, सरणं चरणं जग शांत करं;
तम मोहज भ्रमहर सूर्यवरं, प्रणमामि जिनं शिवसौख्यकरं।

मन वचन काय करि हूँ नमनं, मोहि देहु शिवालय प्रति गमनं;
निजस्वरूपको करिहूं प्रवरं, प्रणमामि जिनं शिवसौख्यकरं।

(धत्ता)

यह जयमाला परम रसाला आदीश्वरकी गुणमाला,
जो पढे पढावे पूज रचावे कंठ धरे शिव वरमाला।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

ऋषभदेव प्रभु नाम, पूजे ध्यावे भाव धरि;
ताघर ऋद्धि महान, होय सकल सुखदायनी।

॥ इति आशीर्वादः पुष्पांजलि क्षिपेत् ॥

श्री अजितनाथ-जिनपूजा

(अडिल्ल छंद)

सकल कर्म हनि अजित जिनं सिव खेत में,
गिरि समेदतें गये तिनोंके हेत मैं;
आह्वानन संस्थापन अरु सन्निधि करूं,
मन वच तन करि शुद्ध बार त्रय उच्चरूं। १

ॐ ह्रीँ श्रीअजितनाथ जिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् इति आह्वाननम्।

ॐ ह्रीँ श्रीअजितनाथ जिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीँ श्रीअजितनाथ जिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(त्रिभंगी छंद)

गंगा सम नीरं, प्रासुक सीरं, कनक-रतनमय भृंग भरौं,
जर मरन पिपासं, हरि सब त्रासं, मन वच तन त्रय धार करौं;
श्री अजित जिनेश्वर, पुहमिनरेश्वर, सुरनरखगवंदित चरणं,
मैं पूजुं ध्याऊं गुणगण गाउं, सीस नवाउं अघहरनं।

ॐ ह्रीँ श्रीअजितनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति०

मलयागिर ल्यावें, अगर मिलावें, केसरयुत घनसार घसैं,
भवताप निवारन, शिवसुख कारन, पूजि जिनेश्वर पाप नसैं;
श्री अजित०

ॐ ह्रीँ श्रीअजितनाथजिनेन्द्राय संसारतारविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति०

तंदुल सु अखंडित, सौरभमंडित, मुक्तासम जिनपद आगें,
धरि पुंज पियारी भवभ्रम टारी लहे अखैपद भय भागे।
श्री अजित०

ॐ ह्रीँ श्रीअजितनाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

देखत ही सोहै सब मन मोहै कुसुम कनकमय रतन जडा,
सुर नर पशु सारे काम विदारे पूजत बाण मनोज उडा;
श्री अजित जिनेश्वर पुहमिनरेश्वर सुरनरखगवंदित चरनं,
मैं पूजूं ध्याऊं गुणगण गाउं, सीस नवाउं अघ अघहरनं।

ॐ ह्रीं श्रीअजितनाथभगवजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

अति मिष्ट मनोहर घेवर गूंजा फेनी मोदक थाल भरूं,
बहु छुधा सतायो पूजन आयो हरो वेदना अरज करूं;
श्री अजित०

ॐ ह्रीं श्रीअजितनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

धरि कनक रकाबी, रतनसुदीपक, जोति ललितकरि प्रभु आगै,
सब मोह नसावै ज्ञान बढावै लखि आपौ परबुद्धि भागै;
श्री अजित०

ॐ ह्रीं श्रीअजितनाथजिनेन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कृष्नागर लेउं जिन ढिग खेउं, गंध दसोंदिसि धावत है,
बहु मधुकर आवें परिमल भावें, अष्टकर्म जरि जावत है;
श्री अजित०

ॐ ह्रीं श्रीअजितनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

अति मिष्ट मनोहर नैननके हर उत्तम प्रासुक फल लावें,
श्रीजिनपद धारे चउगति टारै मोक्ष महाफल बहु पावै;
श्री अजित०

ॐ ह्रीं श्रीअजितनाथजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ निरमल नीरं गंधगहीरं तंदुल पहुप सु चरु ल्यावें,
पुनि दीपं धूपं फलसु अनूपं अरघ 'राम' करि गुण गावें;
श्री अजित जिनेश्वर पुहमिनरेश्वर सुरनरखगवंदित चरनं,
मैं पूजूं ध्याउं गुणगण गाउं, सीस नवाउं अघहरनं।

ॐ ह्रीँ श्रीअजितनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचकल्याणक अर्घ

(दोहा)

विजै विमनाथकी चये, विजय गर्भमझार,
जेठ अमावसि अवतरे, जजूं भवार्णवतार।

ॐ ह्रीँ ज्येष्ठकृष्णामावस्यां गर्भमंगलमंडिताय श्रीअजितनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

माघसुकुल दसमी सुरा, जन्म जिनेस निहार,
सुर गिरि स्नपन करि जजे, मैं पूजूं पदसार।

ॐ ह्रीँ माघशुक्लदशम्यां जन्ममंगलमंडिताय श्रीअजितनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

माघ शुकल दसमी धर्यो, तप वनमें जिनराय,
सुर नर खग पूजा करी, हम पूजें गुण गाय।

ॐ ह्रीँ माघशुक्लदशम्यां तपोमंगलमंडिताय श्रीअजितनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पोह शुक्ल अेकादसी, केवलज्ञान उपाय,
कहो धर्म पदजुग जजे, महाभक्ति उर लाय।

ॐ ह्रीँ पोषशुक्लैकादश्यां ज्ञानमंगलमंडिताय श्रीअजितनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चैत सुकल पंचमि विषें, अष्ट कर्म हनि मोख,
अजित समेदाचल थकी गअे जजूं गुण धोख। ५

ॐ ह्रीं चैत्रशुक्लपंचम्यां मोक्षमंगलमंडिताय श्रीअजितनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

(दोहा)

सकल तत्त्व ज्ञायक सुधी, गुण पूरन भगवान,
धरम धुरंधर परम गुरु, नमूं नमूं धरि ध्यान।

(पद्धरि छंद)

जय जय श्री अजित जिनेश देव, तुम चरन करुं दिनरैन सेव,
जय मोक्षपंथ दातार धीर, जय कर्मसैल भंजन सुवीर। १

जय पंच महाव्रत धरनहर, तजि राज्य सब वन ध्यान धार,
जय पंच समितिपालक जिनंद, त्रय गुप्ति करन वसि धरमकंद। २

धरि ध्यान भअे चिद्रूप भूप, गिरि मेरु समानौ अचल रूप,
जय घाति करम को नाश ठान, उपजायो केवलज्ञान भान। ३

तुम समवसरन रचना बनाय, [१]हरि हरिष्यो मन आनंद पाय,
कुछ करीहों वरनन भक्ति भाय, जिम बोलत है पिक अंब खाय। ४

जय पंच रतनमय धूलसाल, चउ गोपुर मनमोहन विशाल,
जय मानसथंभ सुरंग चंग, लखि मानी नावै आय अंग। ५

चउ वापी निर्मल नीर सार, सुभ खेलत जहं चकवा [२]मरार,
जल भरि खातिका [३]गिरद रूप, पुष्पनिकी [४]बाडी अति अनूप। ६

सुभ कोट दिपे जिम तेज भान, नृतसालामें गावें कल्यान,
पुनि वन शोभा वरनी न जाय, राजत वेदी बहु धुज उडाय। ७

१=ईन्द्र २ हंस, ३. चारों ओर। ४. वाटिका।

फिर कोट हेममय सुधर सार, बहु कल्पद्रुम वन सोभकार,
नव रतनराशि शोभित उतंग, ऊंचे मंदिर जहं बहु सुरंग। ८

फिर फटिक कोट शोभा अमान, मंगल द्रव्यादिक धूपदान,
मधि द्वादश बनिय सभा अनूप, मुनि सुर नर पशु बैठे सुभूप। ९

विचि तीन रतनमय तुंग पीठ, वेदी सिंहासन कमल ईट,
जिन अंतरिक्ष आनन सुचार, धर्मोपदेश दे भव्य तार। १०

सित छत्र तीन उद्योतकार, तरु है अशोक जन शोक टार,
गंधोद वृष्टि जुत पुष्प वृष्टि नभि दुंदुभि बाजै मिष्ट मिष्ट। ११

अति धवल चंवर चोंसठ ढुराय, भामंडल छवि वरनी न जाय,
अैसी विभूति जिनराज देव, नमि नमि पुनि पुनि करहों जु सेव। १२

(धत्ता)

श्री अजित जिनेसुर नमत सुरेसुर, पूजें [1]खेचरगण चरणं,
नरपति बहु ध्यावे शिवपद पावे, रामचन्द्र भवभयहरणं। १३

ॐ ह्रीं श्रीअजितनाथजिनेन्द्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

---

१. विद्याधरोनो समूह।

श्री संभवनाथ-जिनपूजा

(सवैया)

श्रीजिनदेव सदा जयवंत, महंत, मुनि मन मांहि अराधैं;
आपहि की नित जाप जपैं, प्रभु पाय सहाय सुधी शिव साधैं।
आपहिको नित ध्यान करैं सब, संतनको सिधि होई समाधै;
अत्र विराजि प्रभु हमरी सब, दूर करौ विधिबंध उपाधै।

ॐ ह्रीं श्रीसंभवनाथजिनेन्द्राय ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् इति आह्वानम्।, अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्, अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं।

अष्टक

(चाल जोगीरासा)

निर्मल जल शुचि शीतल लेकर उत्तम भाजन धारौं,
पूजि जिनेश्वरके पदपंकज जन्म मरन दुख टारौं।
तारनतरन विरद सुनि जगमें लीनों सरणों आई,
संभवजी जगतार सिरोमणि हूजौ सरन सहाई।

ॐ ह्रीं श्रीसंभवनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति०

वज्रागनि अरु वडवानलतैं दाह अधिक दुखदाई,
सो भवताप मिटै प्रभु पूजत चंदनसों नित भाई। तारन०

ॐ ह्रीं श्रीसंभवनाथजिनेन्द्राय संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति०

चन्द्र–किरन सम श्वेत मनोहर अक्षत धोय धरीजे,
अक्षयपद के कारन पूजा श्रीजिनवर की कीजे। तारन०

ॐ ह्रीं श्रीसंभवनाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

सुर-तरुके बहु फूल मनोहर सकल सुरासुर लावैं,
समर सूल निरमूल करनको श्रीजिनचरन चढावैं। तारन०

ॐ ह्रीं श्रीसंभवनाथजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नव्य गव्य सुचि हव्य मनोरम कंचन थाल भरावैं,
क्षुधारोग निरवारन कारन श्रीजिनचरन चढावैं।
तारनतरन विरद सुनि जगमें लीनों सरणो आई,
संभवजी जगतार सिरोमणि हूजौ सरन सहाई।

ॐ ह्रीँ श्रीसंभवनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रतन अमोलक कंचन भाजन धार महीपति लावें,
मोह तिमिर के नासन कारन श्रीजिनचरन चढावैं। तारन०

ॐ ह्रीँ श्रीसंभवनाथजिनेन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अगर तगर करपूर सुगंधित द्रव्य अनेक प्रकारी,
धूप दसंगी खेय धनंजय, पूजो जिन हितकारी। तारन०

ॐ ह्रीँ श्रीसंभवनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

षट्ऋतुके फल प्रासुक उत्तम ले श्री जिनवर पूजौ,
भक्ति सहित जिनराज चरनके भक्त सुधी जन हूजौ। तारन०

ॐ ह्रीँ श्रीसंभवनाथजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

वसु विधि अर्घ बनाय गाय गुन जिनवर चरन चढावै,
पुण्यवंत वह जीव जगतमें नाना विधि सुख पावै। तारन०

ॐ ह्रीँ श्रीसंभवनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचकल्याणक अर्घ

(चाल छंद)

फाल्गुन सुदि अष्टमि जानौं, जिन गर्भकल्याण प्रमानो,
हरि हर्षित पूज रचाई, हम पूजत तिहिं पद भाई।

ॐ ह्रीँ फाल्गुनशुक्लाष्टम्यां गर्भमंगलमंडिताय श्रीसंभवनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

कार्तिक सुदि पूरणमासी, जिन जन्म लियो सुखरासी,
सुर गिरि अभिषेक करायौ, सुरगण अति हर्ष बढायौ।

ॐ ह्रीं कार्तिकशुक्लपूर्णिमायां जन्ममंगलमंडिताय श्रीसंभवनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मगसिर तिथि पूरणमासी, प्रभु जगतैं होय उदासी,
तब देव ऋषीश्वर आये, जिन भाव विराग बढाये।

ॐ ह्रीं मार्गशीर्षशुक्लपूर्णामायां तपोमंगलमंडिताय श्रीसंभवनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

कार्तिक वदि चौथी बताई, प्रभु केवल किरन जगाई,
मुनि श्रावक धर्म बतायो, हम तिनको शीर नवायो।

ॐ ह्रीं कार्तिककृष्णचतुर्थ्यां ज्ञानमंगलमंडिताय श्रीसंभवनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

छठि चैत्र सुदीको जानों, प्रभुने पायो सिव थानों,
सुर असुर हरषि गुन गाये, हम हूँ निज हित गुन गाये।

ॐ ह्रीं चेत्रशुक्लषष्ठयां मोक्षमंगलमंडिताय श्रीसंभवनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

(दोहा)

संभव भव भय दूर कर, निजानन्द रस पूर,
निज गुण दाता जगतपति, मम उर बसो हजूर।

(छंद तोटक)

जयवंत जगतपति राजत हैं, समवश्रतमें छवि छाजत हैं,
शशि सूरज कोटिक लाजत हैं, जिन देखत ही अघ भाजत हैं।

तहां वृक्ष अशोक महान दिपै, तिहिं देखत ही सब शोक छिपै,
चतुषष्ठिसु चामर छत्र त्रयं, हरि आसन शोभित रत्नमयं।

नभतैं सुरपुष्प सुवृष्टि गिरै, मनु मन्मथ श्रीपति पाय परै,
नभमें सुरदुंदुभि राजत है, मधुरी मधुरी ध्वनि बाजत है।

सुर नारि तहां सिर नावत हैं, तुमरे गुण उज्ज्वल गावत हैं,
पद पंकजको चल रूप कियौ, बहु नाचत राजत भक्त हियो।

हरि तांडव नृत्य करे अपार, सब जीवन मन आनंदकार। ६

इत्यादि भक्ति करकै सुरेन्द्र, निज थान जाय जुत देववृंद;
या विधि पांचौं कल्याण जोय, हरि भक्ति करे अति हरष होय। ७

या काल विषैं पुण्यवंत जीव, नरजन्म धार शिव लहै अतीव;
अब त्रेसठ पुरुष प्रवीन जोय, सब याही काल विषै जु होय। ८

जब पंचम काल करै प्रवेश, मुनि धर्म रहे कहुं कहुं प्रदेश;
विरले कोई दक्षिण देशमांहि, जिनधर्मी जन बहुते जु नाहिं। ९

जब आवत है षष्टम जु काल, दुःखमें दुःख प्रगटे अति कराल;
तब मांसभक्षि नर सर्व होय, जहां धर्म नामनहिं सुनै कोय। १०

याही विधिसे षटकाल जोय, दश क्षेत्रनमें इकसार होय;
सब क्षेत्रनमें रचना समान, जिनवानी भाख्यो सो प्रमान। ११

चौवीसी है इक क्षेत्र तीन, दश क्षेत्र तीस जानों प्रवीन;
आगत नागत जिन वर्तमान, सब सात शतक अरु बीस जान। १२

सबही जिनराज नमौं त्रिकाल, मोहि भवसागरतें ल्यो निकाल;
यह वचन हियेमें धारि लेव, मम रक्षा करो जिनेन्द्रदेव। १३

रविमलकी विनती सुनो नाथ, मैं पाय पडूं जुग जोरि हाथ;
मनवांछित कारज करो पूर, यह अरज हियामें धरि हजूर। १४

(धत्ता)

शत सात जु वीसं श्री जगदीशं, आगत नागत वरततु हैं;
मन वच तन पूजे शुद्ध मन हूजे, सुरग मुक्ति पद धारत हैं।

ॐ ह्रीं पांचभरत पांचऐरावत दशक्षेत्रके विषैं तीसचोबीसीके सातसौ बीस जिनेन्द्रेभ्यः महार्घं नि०

श्री बाहुबली स्वामीकी पूजा

कर्म अरिगण जीतीके, दरशायो शिवपंथ,
प्रथम सिद्ध पद जिन लयो, भोगभूमिके अंत।
समर दृष्टि जल जीत लही, मल्लयुद्ध जय पाय,
वीर अग्रणी बाहुबली, वंदो मन वच काय॥

ॐ ह्रीँ श्रीगोम्मटेश्वर बाहुबली अत्र अवतर अवतर संवौषट् इति आह्वाननम्। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्, अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(अथ अष्टक–चाल जोगीरासा)

जन्म जरा मरनादि तृषा कर, जगत जीव दुःख पावै,
तिहि दुःख दूर करन जिनपदको, पूजन जल ले आवै;
परम पूज्य वीराधिवीर जिन, बाहुबली बलधारी,
जिनके चरणकमलको नित प्रति, धोक त्रिकाल हमारी।

ॐ ह्रीँ वर्तमान अवसर्पिणीसमये प्रथम मुक्तिस्थानप्राप्ताय कर्मरिविजयी वीराधिवीर वीराग्रणी श्री बाहुबली परमजिनदेवाय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

यह संसार मरुस्थल अटवी, तृष्णा दाह भरी है,
तिहि दुःखवारन चंदन लेके, जिनपद पूज करी है। परम पूज्य०

(चंदनं)

स्वच्छ सालि शुचि नीरज रजसम, गंध अखंड प्रचारी,
अक्षयपदके पावन कारन, पूजै भवि जगतारी। परम पूज्य०

(अक्षतान्)

हरिहर चक्रवर्ती सुर दानव, मानव पशु बस याके,
तिहि मकरध्वजनाशक जिनको, पूजो पुष्प चढाके। परम पूज्य०

(पुष्पं)

दुःखद त्रिजग जीवनको अति ही, दोष क्षुधा अनिवारी,
तिहि दुःख दूर करनको चरुवर ले जिन पूज प्रचारी।
परम पूज्य वीराधिवीर जिन, बाहुबली बलधारी,
जिनके चरणकमलको नित प्रति, धोक त्रिकाल हमारी।

(नैवेद्यम्)

मोह महातममें जग जीवन, शिव मग नाहीं लखावे,
तिहि निरवारन दीपक कर ले, जिनपद पूजन आवे। परम पूज्य०

(दीपं)

उत्तम धूप सुगंध बनाकर, दश दिशमें महकावे,
दशविध बंध निवारन कारण जिनवर पूज रचावे। परम पूज्य०

(धूपं)

सरस सुवरण सुगंध अनूपम, स्वच्छ महाशुचि लावे,
शिवफल कारण जिनवर पदकी, फल सों पूज रचावे। परम पूज्य०

(फलं)

वसुविधिके वस वसुधा सब की, परवश अति दुःख पावे,
तिहि दुःख दूर करनको भविजन, अर्घ जिनाग्र चढावे। परम पूज्य०

(अर्घम्)

जयमाला

(दोहा)

आठ कर्म हनि आठ गुण, प्रगट करे जिनरूप,
सो जयवंतो भुजबलि, प्रथम भये शिवरूप।

(कुसुमलता छंद)

जै जै जै जगतार शिरोमणी, क्षत्रिय वंश असंस महान,
जै जै जै जग जनहितकारी, दीनो जिन उपदेश प्रमाण;

जै जै चक्रपति सुत जिनके, सत सुत जेष्ठ भरत पहिचान,
जै जै जै श्री ऋषभदेव तिनसों जयवंत सदा जग जान। १

जिनके द्वितीय महादेवी सुचि नाम सुनंदा गुण की खान,
रूप शील संपन्न मनोहर, तिनके सुत भुजबलि महान;
सवा पंच शत धनुष उन्नत तनु, हरित वरण शोभा असमान,
वैडूर्यजमणि पर्वत मानो, नील कुलाचल सम थिर जान। २

तेजवंत परमाणु जगतमें, तिन करी रच्यो शरीर प्रमाण,
सत वीरत्व गुणाकर जाको, नीरखत हरि हरषे उर आन;
धीरज अतुल वज्रसम नीरज सम वीराग्रणी अति बलवान,
जनछबी लखी मनु शशीछबी लाजे, कुसुमायुध लीनों सुप्रमान। ३

बालसमै जिन बाल चंद्रमा, शशीसे अधिक धरे द्युतिसार,
जो गुरुदेव पढाई विद्या शस्त्र शास्त्र सब पढी अपार;
ऋषभदेवने पोदनपुरके नृप कीने भुजबली कुमार,
दइ अयोध्या भरतेश्वरको आप बने प्रभुजी अनगार। ४

राजकाज षट्खंड महीपति सब दल लई चढी आये आप,
बाहुबली भी सन्मुख आये, मंत्रीन तीन युद्ध दिये थाप;
दृष्टि, नीर अरू मल्ल युद्धमें दोनों नृप कीजो बल धाप,
वृथा हानी रूक जाय सैनकी, यातै लडीये आपो आप। ५

भरत भुजबली भूपति भाई, उतरे समरभूमिमें जाय,
दृष्टि नीर रण थके चक्रपति, मल्लयुद्ध तब करो अध्याय;
पग तल चतल चलत अचला तब, कंपत अचल शिखर ठहराय,
निषध नील अचलाधर मानो, भये चलाचल क्रोध बसाय। ६

भुज विक्रमबलबाहुबलीने लये चक्रपति अधर उठाय;
चक्र चलायो चक्रपति तब तो भी विफल भये तिहि ठाय,
अति प्रचंड भुजदंड सुंड सम नृप शार्दूल बाहुबली राय,
सिंहासन मंगवाय जासपै अग्रजको दीनों पधराय। ७

राज्यरमा रामासुर धुनमें जोवन दमक दामिनी जान,
भोग भुजंग जंग सम जगको, जान त्याग कीनो तिहि थान;
अष्टापदपर जाय वीर नृप वीर वृत्ति धर कीनों ध्यान,
अचल अंक निरभंग संग तज, संवतसरलों अेक स्थान। ८

विषधर बंबी कटि चरणतल, उपर बेल चढी अनिवार,
युगजंधा कटी बाहुवेढी कर पहुंची वृक्षस्थल परसार,
सिरके केश बढे जिस मांही नभचर पक्षी बसे अपार,
धन्य धन्य इस अचल ध्यानको महिमा सुर गावे उरधार। ९

कर्मनाशी शिव जाय बसे प्रभु, ऋषभेश्वरसे पहले जान,
अष्ट गुणांकित सिद्ध शिरोमणि, जगदीश्वर पद लयो पुमान;
वीरवृत्ति वीराग्रगण्य प्रभु बाहुबली जगधन्य महान,
वीरवृत्तिके काज जिनेश्वर नमैं सदा जिनबिंब प्रमान। १०

(दोहा)

श्रवणबेलगोल विंध्यगिरि जिनवर बिंब प्रधान,
छप्पन फूट उत्तंग तनु खड्गासन अमलान;
अतिशयवंत अनंत बल–धारक बिंब अनूप,
अर्घ चढाय नमों सदा जय जय जिनवर भूप।

ॐ ह्रीं वर्तमान अवसर्पिणी समये प्रथम मुक्तिस्थानप्राप्ताय कर्मारिविजयी वीराधिवीर वीराग्रण्य श्री बाहुबलीस्वामीने अनर्घ्यपदप्राप्ताय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अकृत्रिम चैत्यालय-जिनालय पूजा

(चौपाई)

आठ किरोड रु छप्पन लाख, सहस सत्याणव चतुशत भाख;
जोड इक्यासी जिनवर थान, तीन लोक आह्वान करान।

ॐ ह्रीँ तीनलोक संबंधी आठ करोड छप्पन लाख सत्याणवे हजार चारसौ इक्यासी अकृत्रिमजिनचैत्यालयानि! अत्र अवतरत अवतरत संवौषट इति आह्वाननम्। अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः स्थापनम्,–अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(त्रिभंगी)

क्षीरोदधिनीरं उज्ज्वल सीरं, छान सुचीरं भरि झारी;
अति मधुर लखावन परम सुपावन, तृषा बुझावन गुणभारी।
वसु कोटि सु छप्पन लाख सत्ताणव, सहस चार सत इक्यासी;
जिनगेह अकीर्तिम तिहुं जग भीतर, पूजत पद ले अविनाशी।

ॐ ह्रीँ तीनलोक–संबंधी आठ करोड छप्पन लाख सत्याणवे हजार चारसौ इक्यासी अकृत्रिम चैत्यालयेभ्यः जल नि०

मलयागिर पावन चंदन बावन, ताप बुझावन धसि लीनो;
धरि कनक कटोरी द्वै कर जोरी, तुम पद ओरी चित दीनो।–वसु०

(चंदनं)

बहुभांति अनोखे तन्दुल चोखे, लखि निरदोखे हम लीने;
धर कंचनथाली तुम गुणमाली, पुंज विशाली कर दीने।–वसु०

(अक्षतान्)

शुभ पुष्प सुजाती है बहुभांती, अलि लिपटाती लेय वरं;
धरि कनक रकेबी कर गह लेवी, तुम पद जुगकी भेट धरं।–वसु०

(पुष्पं)

खुरमा जु गिदोडा बरफी पेडा, घेवर मोदक भरी थारी;
विधि पूर्वक कीने धृतपय भीने, खंड में लीने सुखकारी।
वसु कोटि सु छप्पन लाख सत्ताणव, सहस चार सत इक्यासी;
जिनगेह अकीर्तिम तिहुं जग भीतर, पूजत पद ले अविनाशी।

(नैवेद्यम्)

मिथ्यात महातम छायो रह्यो हम, निजपरपरिणति नहि सूझे;
ईह कारण पाकैं दीप सजाकैं, थाल धराकैं हम पूजे।–वसु०

(दीपं)

दशगन्ध कुटाके धूप बनाके, निजकर लेके धरि ज्वाला;
तसु धूम उडाई दशदिश छाई, बहु महकारी अति आला।–वसु०

(धूपं)

बादाम छुहारे श्रीफल धारे, पिस्ता प्यारे द्राखवरं;
इन आदि अनोखे लखि मिरदोखे, थाल पजोखे, भेट धरं।–वसु०

(फलं)

जल चंदन तंदुल कुसुम रु नेवज, दीप धूप फल अर्घ रचौं,
जयघोष कराउं, बीन बजाउं, अश्ध चढाउं खूब नचौं।–वसु०

ॐ ह्रीँ तीनलोक–संबंधी आठ करोड छप्पन लाख सत्याणवे हजार चारसौ इक्यासी अकृत्रिमजिनचैत्यालयेभ्यः अर्घं नि०

(चौपाई)

अघोलोक जिन आगम साख, सात कोडि अरु बहत्तर लाख;
श्री जिनभवन महा छवि देई, ते सब पूजौं वसु विध लेई।

ॐ ह्रीँ अधोलोक संबंधी सात करोड बहत्तरलाख अकृत्रिमजिनचैत्यालयेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मध्यलोक जिनमंदिर ठाठ, साढे चार शतक अरु आठ;
ते सब पूजौं अर्घ चढाय, मन वच तन त्रय जोग मिलाय।

ॐ ह्रीँ मध्यलोकसंबंधी चारसौअठावन अकृत्रिमजिनचैत्यालयेभ्यः अर्घं०

(अडिल्ल)

ऊर्ध्वलोकके मांहि भवन जिन जानिये,
लख चौरासी सहस सत्याणवे मानिये;
तापै धरि तेईस जजौं शिर नायके,
कंचनथाल मझार जलादिक लायकै।

ॐ ह्रीं ऊर्ध्वलोकसंबंधी चौरासी लाख सत्याणवे हजार तेईस अकृत्रिमजिनचैत्यालयेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

वसुकोटि छप्पन लाख उपर, सहस सत्याणव मानिये,
शत चारपै गिनले इक्यासी, भवन जिनवर जानिये;
तिहुं लोक भीतर सासते सुर असुर नर पूजा करैं;
तिन भवनको हम अर्घ लेकैं पूजिहैं जगदुख हरैं।

ॐ ह्रीं तीनलोक संबंधी आठ करोड छप्पन लाख सत्याणवे हजार चारसौ इक्यासी अकृत्रिमजिनचैत्यालयेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

(दोहा)

अब वरणों जयमालिका, सुनो भव्य चित लाय;
जिनमंदिर तिहुं लोकके, देहुं सकल दरसाय।

(पद्धरि छंद)

जय अमल अनादि अनंत जान, अनिर्मित जु अकीर्त अचल थान;
जय अजय अखंड अरूप धार, षट् द्रव्य नहीं दीसै लगार।

जय निराकार अविकार होय, राजत अनंत परदेश सोय;
जै शुद्ध सुगुण अवगाह पाय, दश दिशमांहि ईह विधि लखाय।

यह भेद अलोकाकाश जान, ता मध्य लोक नभ तीन मान;
स्वयमेव बन्यो अविचल अनंत, अविनाशी अनादि जु कहत संत।

पुरुषाकार ठाडो निहार, कटि हाथ धारि द्वै पग पसार;
दक्षिन उत्त दिशि सर्व ठौर, राजु जु सात भाख्यो निचोर।

जय पूर्व अपर दिश घाट बांधि, सुन कथन कहूं ताको जु साधि;
लखि श्वभ्रतलैं राजु जु सात, मधिलोक अेक राजू रहात।

फिर ब्रह्मसुरग राजू जु पांच, भूसिद्ध अेक राजू जु सांच;
दश चार ऊंच राजू गिनाय, षट् द्रव्य लये चतु कोण पाय।

तसु वात वलय लपटाय तीन, ईह निराधार लखियो प्रवीन;
त्रस नाडी तामधि जान खास, चतु कोन अेक राजू जु व्यास।

राजू उतंग चौदह प्रमान, लखि स्वयंसिद्ध रचना महान;
ता मध्य जीव त्रस आदि देय, निज थान पाय तिष्ठै भलेय।

लखि अधो भागमैं श्वभ्र थान, गिन सात कहे आगम प्रमान;
षट् थानमांहि नारकि बसेय, इक श्वभ्रभाग फिर तीन भेय।

तसु अधो भाग नारकि रहाय, फुनि ऊर्ध्व भाग द्वय थान पाय;
बस रहे भवन व्यंतर जु देव, पुर हर्म्य छजै रचना स्वमेव।

तिहंथान गेह जिनराज भाख, गिन सात कोटि बहत्तरि जु लाख;
ते भवन नमों मन वचन काय, गति श्वभ्र हरनहारे लखाय।

पुनि मध्यलोक गोलाअकार, लखि दीप उदधिरचना विचार;
गिन असंख्यात भाखे जु संत, लखि स्वयंभूरमन सबके जु अंत।

इक राजुव्यासमें सर्वजान, मधि लोक तनो इह कथन मान;
सब मध्य द्वीप जंबू गिनेय, त्रयदशम रुचिकवर नाम लेय।

ईन तेरहमैं जिनधाम जान, शत चार अठावन है प्रमान;
खग देव असुर नर आय आय, पद पूज जाय शिर नाय नाय।

जय ऊर्ध्व लोक सुर कल्पवास, तिहंथान छजै जिनभवन खास;
जय लाख चौरासी पै लखेय, जय सहस सत्याणव और टेय।

जय वीसतीन फुनि जोड देय, जिन भवन अकीर्तम जान लेय;
प्रति भवन अेक रचना कहाय, जिनबिंब अेक सत आठ पाय।

शतपंच धनुष उन्नत लसाय, पद्मासनजुत वरध्यान लाय;
शिर तीन छत्र शोभित विशाल, त्रय पादपीठ मणिजडित लाल।

भामंडलकी छबि कौन गाय, फुनि चंवर ढुरत चौसठि लखाय;
जय दुंदुभि रव अद्भुत सुनाय, जय पुष्पवृष्टि गंधोदकाय।

जय तरु अशोक शोभा भलेय, मंगलविभूति राजत अमेय;
घट तूप छजै मणिमाल पाय, घटधूम्र धूम्र दिग सर्व छाय।

जय केतु पंक्ति सोहै महान, गंधर्वदेव गन करत गान;
सुर जनम लेत लखि अवधि पाय, तिह थान प्रथम पूजन कराय।

जिनगेह तणो वरनन अपार, हम तुच्छबुद्धि किम लहत पार,
जय देव जिनेश्वर जगत भूप, नमि नेम मंगे निज देह रूप।

ॐ ह्रीँ तीनलोक संबंधी आठ करोड छप्पन लाख सत्याणवे हजार चारसौ इक्यासी अकृत्रिमजिनचैत्यालयेभ्यः महार्घं नि०

(दोहा)

तीन लोकमें शाश्वते श्री जिनभवन विचार;
मन वच तन करि शुद्धता पूजों अरघ उतार।

॥ इत्याशीर्वादः पुष्पांजलिं क्षिपेत् ॥

२१

श्री पंचमेरु-जिनपूजा

(गीता छंद)

तीर्थंकरोंके न्हवनजलतें भये तीरथ शर्मदा,
तातैं प्रदच्छन देत सुरगन पंचमेरुनकी सदा,
दो जलधि ढाई द्वीपमें सह गनत मूल विराजहीं,
पूजों असी जिनधानप्रतिमा, होहि सुख दुख भाजहीं।

ॐ ह्रीँ पंचमेरुसंबंधी जिनचैत्यालयस्थजिनप्रतिमासमूह! अत्र अवतरत अवतरत संवौषट् इति आह्वाननम्। अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः स्थापनम्।–अत्र मम सन्निहितो भवत भवत वषट् सन्निधिकरणम्।

(चौपाई आंचलीबद्ध १५ मात्रा)

सीतल मिष्ट सुवास मिलाय, जलसों पूजों श्री जिनराय;
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय।
पांचों मेरु असी जिनधाम, सब प्रतिमाको करों प्रनाम;
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय।

ॐ ह्रीँ पंचमेरुसंबंधी जिनचैत्यालस्थजिनबिम्बेभ्यः जलं नि०

जल केशन करपूर मिलाय, गंधसों पूजों श्री जिनराय;
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय;–पांचों०

ॐ ह्रीँ पंचमेरुसंबंधी जिनचैत्यालस्थजिनबिम्बेभ्यः चंदनं नि०

अमल अखंड सुगंध सुहाय, अक्षतसों पूजों जिनराय;
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय;–पांचों०

ॐ ह्रीँ पंचमेरुसंबंधी जिनचैत्यालस्थजिनबिम्बेभ्यः अक्षतं नि०

वरन अनेक रहे महकाय, फूलनसौं पूजों जिनराय;
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय;–पांचों०

ॐ ह्रीँ पंचमेरुसंबंधी जिनचैत्यालस्थजिनबिम्बेभ्यः पुष्पं नि०

मनवांछित बहु तुरत बनाय, चरुसों पूजों श्री जिनराय;
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय;
पांचों मेरु असी जिनधाम, सब प्रतिमाको करों प्रनाम;
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसंबंधी जिनचैत्यालस्थजिनबिम्बेभ्यः नैवेद्यं नि०

तमहर उज्ज्वल ज्योति जगाय, दीपसौं पूजों श्री जिनराय;
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय;–पांचों०

ॐ ह्रीं पंचमेरुसंबंधी जिनचैत्यालस्थजिनबिम्बेभ्यः दीपं नि०

खेऊं अगर अमल अधिकाय, धूपसौं पूजों श्री जिनराय;
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय;–पांचो०

ॐ ह्रीं पंचमेरुसंबंधी जिनचैत्यालस्थजिनबिम्बेभ्यः धूपं नि०

सुरस सुवर्ण सुगंध सुहाय, फलसौं पूजों श्री जिनराय;
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय;–पांचों०

ॐ ह्रीं पंचमेरुसंबंधी जिनचैत्यालस्थजिनबिम्बेभ्यः फलं नि०

आठ दरवमय अर्घ बनाय, द्यानत पूजों श्री जिनराय;
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय;–पांचों०

ॐ ह्रीं पंचमेरुसंबंधी जिनचैत्यालस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घं नि०

जयमाला

(सोरठा)

प्रथम सुदर्शन स्वामि, विजय अचल मंदर कहा,
विद्युन्माली नाम पंचमेरु जगमें प्रगट। १

(चौपाई)

प्रथम सुदर्शन मेरु विराजै, भद्रशाल वन भूपर छाजै;
चैत्यालय चारों सुखकारी, मन–वच–तन वंदना हमारी। २

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ-३६४२५०

उपर पांच शतक पर सोहै, नंदनवन देखत मन मोहै;
चैत्यालय चारों सुखकारी, मन–वच–तन वंदना हमारी। ३

साढे बासठ सहस ऊंचाई, वन सुमनस सोभे अधिकाई;
चैत्यालय चारों सुखकारी, मन–वच–तन वंदना हमारी। ४

ऊंचा योजन सहस छत्तीसं, पांडुकवन सोहै गिरिसीसं;
चैत्यालय चारों सुखकारी, मन–वच–तन वंदना हमारी। ५

चारों मेरु समान बखानै, भूपर भद्रशाल चहुं जानै;
चैत्यालय सोलह सुखकारी, मन–वच–तन वंदना हमारी। ६

ऊंचे पांच शतक पर भाखै, चारों नंदनवन अभिलाखै;
चैत्यालय सोलह सुखकारी, मन–वच–तन वंदना हमारी। ७

साढे पचपन सहस उतंगा, वन सौमनस चार बहुरंगा;
चैत्यालय सोलह सुखकारी, मन–वच–तन वंदना हमारी। ८

उच्च अठाईस सहस बताये, पांडुक चारों वन शुभ गाये;
चैत्यालय सोलह सुखकारी, मन–वच–तन वंदना हमारी। ९

सुर नर चारन वंदन आवै, सो शोभा हम किह मुख गावैं,
चैत्यालय अस्सी सुखकारी, मन–वच–तन वंदना हमारी। १०

(दोहा)

पंचमेरुकी आरती, पढै सुनै जो कोय;
''द्यानत'' फल जाने प्रभु, तुरत महासुख होय।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसंबंधी जिनचैत्यालयस्थजिनबिंबेभ्यः महार्घं नि०

Shri Digambar Jain Swadhyay Mandir Trust, Songadh - 364250

श्री नंदीश्वरद्वीप-जिनपूजा

(अडिल्ल छंद)

अष्टम दीप नंदीश्वर बहु विस्तार है,
ताके चव दिश बावन गिर मनि धार है;
तिन सबपै जिनथान कहे बावन सही,
सो इहां थापन थाप जजौं पुन्यकी मही।

ॐ ह्रीँ कार्तिकमासे शुक्लपक्षे अष्टाह्निकायां महामहोत्सवे नंदीश्वरद्वीपे चतुर्दिशु द्विपंचाशतजिनालयानि! अत्र अवतरत अवतरत संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीँ कार्तिकमासे शुक्लपक्षे .....अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीँ कार्तिकमासे शुक्लपक्षे ....अत्र मम सन्निहितो भवत भवत वषट् सन्निधिकरणम्।

(हरिगीत)

शुभ नीर निरमल त्रस सुजिय बिन गंग धाराकौ सही,
धर पात्र सुंदर हाथ अपने वचन करि मुख थुति कही;
तहां इन्द्र सुर ही जाय पूजैं मनुष को मौसर कहां,
इम जान नंदीश्वर तने जिनथान जल जजहों इहां।

ॐ ह्रीँ नंदीश्वरद्वीपे द्विपंचाशत्जिनालयेभ्यः जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं नि०

लै बावनौं गंध खानि चंदन नीरतैं घसि लाईयौ,
कर कनक पातर धार लीनो महा उर हरषाईयौ। तहां०

ॐ ह्रीँ नंदीश्वरद्वीपे द्विपंचाशत्जिनालयेभ्यः संसारतापविनाशनाय चंदनं नि०

बिन खंड अक्षत धवल उज्ज्वल बीन नव शुभ लाय जी;
कर सुभग जल भर घोय नीके, बीनती मुख गाय जी। तहां०

ॐ ह्रीँ नंदीश्वरद्वीपे द्विपंचाशत्जिनालयेभ्यः अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् नि०

सुखदाय पहुप सुगंध राशी वरन नाना जानिये,
बहु घाटि धारी लाय करतैं माल कर हित मानिये।
तहां इन्द्र सुर ही जाय पूजैं मनुष को मौसर कहां,
इम जान नंदीश्वर तने जिनथान पुष्प जजो इहां।

ॐ ह्रीं नंदीश्वरद्वीपे द्विपंचाशत्जिनालयेभ्यः कामबाणविध्वंशनाय पुष्पं नि०

नैवेद षट्रस तुरत लाकै सुभग मोदक हम लये;
भर थाल कंचन धार करमें भावको निरमल ठये। तहां०

ॐ ह्रीं नंदीश्वरद्वीपे द्विपंचाशत्जिनालयेभ्यः क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं नि०

मणि दीपिका तम नाश करता जोतके धारक सही;
लै आरती गुन गाय जिनके भावना इन उर लही। तहां०

ॐ ह्रीं नंदीश्वरद्वीपे द्विपंचाशत्जिनालयेभ्यः मोहांधकारविनाशनाय दीपं नि०

कर धूप दश विध गंध लेकै, महा परिमलदाय जी;
लै आपने कर माहिं थुति कर अगनिमें धरवाय जी। तहां०

ॐ ह्रीं नंदीश्वरद्वीपे द्विपंचाशत्जिनालयेभ्यः अष्टकर्मदहनाय धूपं नि०

श्रीफल बदाम अनार खारक और पुंगीफल भले;
इन आदि निरमल लाय फल हों देव जिन पूजन चले। तहां०

ॐ ह्रीं नंदीश्वरद्वीपे द्विपंचाशत्जिनालयेभ्यः मोक्षफलप्राप्तये फलं नि०

लै नीर चंदन तंदुला पुष्प और चरु दीपक कहे;
धर धूप फल कर अर्घ कर लै भावना भावत भऐ। तहां०

ॐ ह्रीं नंदीश्वरद्वीपे द्विपंचाशत्जिनालयेभ्यः अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं नि०

जयमाला

(सोरठा)

नंदीश्वर शुभ थान, अष्टम ताकी चौदिसा;
बावन जिन थल मान सो पूजौं कर आरती।

(वेसरी छंद)

याही अष्टम दीप मझारा, जिन पूजन आवे सुर सारा;
ईम उतकृष्टी प्रतिमा जानौं, धनुष पांचसौ त्वंग बखानौ। १

रूप महा कौलों कवि गावे, जिन तनसे सब लच्छन पावे;
मुद्रा शांति घ्राण दिठ देखैं, पद्मासन कायोत्सर्ग पेखैं। २

पूरव दिशा वा उत्तर भाई, श्रीजिनबिंब तने मुख पाई;
सो सब बिंब रतनमय होई, दीखैं ईम परतक्ष जिन जोई। ३

बहु विस्तार धरें जिनगेहा, ताके लखत होय बहु नेहा;
कटक बाग वन शोभा धारी, लगे शिखर नभ मिलन पधारी। ४

धुजा कलपवृक्ष तोरण धारे, रतन तूप मंगल द्रव्य सारे;
प्रातिहार्य वसु शोभ अपारा, मणिमंडल नभ मांहि सिधारा। ५

नाट साल तहां भक्त करावें, देव तहां नटि सुर धर गावें;
सुर मंदिर पंकति सुखकारा, तहां अमर धर्मकी उतसारा। ६

महिमा तिनकी कबलौं गावैं, जिन जानै के जिन धुनि पावे;
वा सुर इन्द्र जाय सो जानैं, बाकी तो सामान्य बखानैं। ७

जे जिनमंदिर सुमरत भाई, पाप कटें पुन्यबंध कराई;
तौ दरशन की महिमा सारी, कहै कौन फलकी विधि भारी। ८

(दोहा)

तातैं नंदीश्वर विषैं जे हैं जिनके थान,
सो भव सुमरों थुति करों पूजों शुभ फल धाम।

ॐ ह्रीँ श्रीनंदीश्वरद्वीपे द्विपंचाशत् जिनालयेभ्य: महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री नंदीश्वरद्वीप-जिनपूजा

(अडिल्ल छंद)

सरव परवमें बडौ अठाई परव है,
नंदीश्वर सुर जाहिं लिये वसु दरव है;
हमें शक्ति सो नाहिं इहां करि थापना,
पूजौं जिनगृह प्रतिमा है हित आपना।

ॐ ह्रीँ श्रीनंदीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थ जिनप्रतिमासमूह! अत्र अवतरत अवतरत संवौषट इति आह्वाननम्,–अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः स्थापनम्,–अत्र मम सन्निहितो भवत भवत वषट् सन्निधिकरणम्।

कंचन मणिमय भृंगार तीरथ नीर भरा,
तिहुं धार दई निरवार जामन मरन जरा;
नंदीश्वर श्रीजिनधाम बावन पुंज करों,
वसु दिन प्रतिमा अभिराम आनंदभाव धरों।

ॐ ह्रीँ श्रीनंदीश्वरद्वीपे पूर्वपश्चिमोत्तरदक्षिणे द्विपंचाशज्जिनालयस्थ जिनप्रतिमाभ्यः जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं०

भवतपहर शीतल वास, सो चंदन नाहीं;
प्रभु यह गुन कीजै सांच, आयो तुम ठांहीं। नंदी०

(चंदनं)

उत्तम अक्षत जिनराज, पुंज धरे सोहै;
सब जीते अक्षसमाज, तुम सम अरु को है। नंदी०

(अक्षतान्)

तुम कामविनाशक देव, ध्याऊं फूलनसौं;
लहुं शीललच्छमी एव, छूटूं सूलनसौं। नंदी०

(पुष्पं)

नेवज इन्द्रिय बलकार, सो तुमने चूरा;
चरु तुम ढिग सोहै सार, अचरज है पूरा।
नंदीश्वर श्रीजिनधाम बावन पुंज करों,
वसु दिन प्रतिमा अभिराम आनंदभाव धरों।

(नैवेद्यम्)

दीपककी ज्योति प्रकाश, तुम तनमांहि लसै;
टूटै करमनकी राश, ज्ञानकणी दरसै। नंदी०

(दीपं)

कृष्णागरु धूप सुवास, दश दिशि–नारि वरैं;
अति हरषभाव परकाश, मानों नृत्य करैं। नंदी०

(धूपं)

बहुविध फल ले तिहुं काल, आनंद राचत हैं;
तुम शिवफल देहु दयाल, सो हम जाचत हैं। नंदी०

(फलं)

यह अर्घ कियो निज हेत, तुमको अरपत हों;
'द्यानत' कीनो शिवखेत, भूमि समरपत हों। नंदी०

(अर्घं)

जयमाला

(दोहा)

कार्तिक फागुन साढके,[1] अंत आठ दिन माहिं;
नंदीश्वर सुर जात हैं, हम पूजैं इह ठाहिं। १

१. कार्तिक, फाल्गुन तथा अषाढ़ मासकी शुक्ल अष्टमीसे पूर्णिमा तकके आठ दिनको नंदीश्वर--अष्टाह्निका कहा जाता है।

अेकसौ त्रेषठ कोडि जोजन महा,
लाख चौरासिया अेक दिशमें लहा;
आठमों द्वीप नंदीश्वरं भास्वरं,
भौन बावन्न प्रतिमा नमों सुखकरं। भौन० २

चारदिशि चार अंजनगिरि राजहीं,
सहस चौरासिया अेकदिश छाजहीं;
ढोलसम गोल उपर तलें सुंदरं। भौन० ३

अेक इक चार दिशि चार शुभ बावरी,
अेक इक लाख जोजन अमल जलभरी;
चहु दिशा चार वन लाख जोजन वरं। भौन० ४

सोल वापीनमधि सोल गिरि दधिमुखं,
सहस दश महा जोजन लखत ही सुखं;
बावरी कौन दोमाहिं दो रतिकरं। भौन० ५

शैल बत्तीस इक सरस जोजन कहे,
चार सोलै मिले सर्व बावन लहे;
अेक इक सीस पर अेक जिनमंदिरं। भौन० ६

बिंब अठ अेकसौ रतनमय सोहहीं;
देव देवी सरव नयन मन मोहहीं;
पांचसै धनुष तन पद्म आसन परं। भौन० ७

लाल नख मुख नयन श्याम अरु स्वेत हैं,
श्याम रंग भोंह सिर केश छबि देत हैं;
वचन बोलत मनों हँसत कालुष हरं। भौन० ८

कोटि शशि भानु दुति तेज छिप जात है,
महा वैराग परिणाम ठहरात है;
बयन नहि कहै लखि होत सम्यक्धरं। भौन० ९

(सोरठा)

नंदीश्वर जिनधाम, प्रतिमा महिमा को कहै;
'द्यानत' लीनों नाम, यही भगति शिवसुख करै। १०

ॐ ह्रीँ नंदीश्वरद्वीपे पूर्वपश्चिमोत्तरदक्षिणे द्विपंचाशत् जिनालयस्थ जिनप्रतिमाभ्य: महार्घं नि०

श्री सिद्धचक्रपूजा

(अडिल्ल छंद)

अष्ट करम करि नष्ट अष्ट गुण पायकैं,
अष्टम वसुधा मांहि विराजे जायकैं;
ऐसे सिद्ध अनंत महंत मनायकैं,
संवौषट् आह्वान करूं हरषायकैं।

ॐ ह्रीँ णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिन्! अत्र अवतरत अवतरत संवौषट् इति आह्वाननम्। –अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः स्थापनम्। –अत्र मम सन्निहितो भवत भवत वषट् सन्निधिकरणम्।

(त्रिभंगी छंद)

हिमवनगत गंगा, आदि अभंगा, तीर्थ उतंगा सरवंगा,
आनिय सुरसंगा, सलिल सुरंगा, करि मन चंगा भरि भृंगा;
त्रिभुवनके स्वामी त्रिभुवननामी, अंतरजामी, अभिरामी,
शिवपुरविश्रामी, निज निधि पामी, सिद्ध जजामी शिरनामी।

ॐ ह्रीँ अनाहतपराक्रमाय सर्वकर्मविनिर्मुक्ताय श्रीसिद्धचक्राधिपतये जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ-३६४२५०

हरिचंदन लायो, कपूर मिलायो, बहु महकायो, मन भायो;
जल संग घसायो, रंग सुहायो, चरन चढायो हरषायो।
त्रिभुवनके स्वामी त्रिभुवननामी, अंतरजामी, अभिरामी,
शिवपुरविश्रामी, निज निधि पामी, सिद्ध जजामी शिरनामी।

(चंदनं)

तंदुल उजियारे शशि–दुति टारे, कोमल प्यापे अनियारे;
तुषखंड निकारे जलसु पखारे, पुंज तुम्हारे ढिंग धारे। त्रिभुवन०

(अक्षतान्)

सुरतरुकी बारी प्रीति विहारी, किरिया प्यारी गुलझारी;
भरि कंचन थारी माल संवारी, तुम पदधारी अतिसारी। त्रिभुवन०

(पुष्पं)

पकवान निवाजे स्वाद विराजे, अमृत लाजे क्षुत भाजे;
बहु मोदक छाजे घेवर खाजे, पूजन काजे करि ताजे। त्रिभुवन०

(नैवेद्यं)

आपा–पर भासै ज्ञान प्रकासे, चित्त विकासे तम नासै;
ऐसे विधि खासे दीप उजासे, धरि तुम पासे उल्लासे। त्रिभुवन०

(दीपं)

चुंबत अलिमाला गंध विशाला, चंदन कालागरु वाला;
तसु चूर्ण रसाला करि ततकाला, अगनी ज्वालामें डाला। त्रिभुवन०

(धूपं)

श्रीफल अतिभारा, पिस्ता प्यारा, दाख छुहारा सहकारा;
रितुरितुका न्यारा सत्फल सारा, अपरंपारा ले धारा। त्रिभुवन०

(फलं)

Shri Digambar Jain Swadhyay Mandir Trust, Songadh - 364250

जल फल वसु वृंदा अरघ अमंदा, जजत अनंदा के कंदा;
मेटो भवफंदा सब दुखदंदा, 'हीराचंदा' तुम बन्दा।
त्रिभुवनके स्वामी त्रिभुवननामी, अंतरजामी, अभिरामी,
शिवपुरविश्रामी, निजनिधि पामी, सिद्ध जजामी शिरनामी।

ॐ ह्रीँ अनाहतपराक्रमाय सर्वकर्मविनिर्मुक्ताय श्रीसिद्धचक्राधिपतये अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं पामीति स्वाहा।

जयमाला

(दोहा)

ध्यानदहन विधिदारु दहि, पायो पद निरवान;
पंचभावजुत थिर भये, नमौं सिद्ध भगवान। १

(त्रोटक छंद)

सुख सम्यक्‌दर्शन–ज्ञान लहा, अगुरुलघु सूक्षम वीर्य महा;
अवगाह अबाध अघायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। २

असुरेन्द्र सुरेन्द्र नरेन्द्र जजैं, भूचरेन्द्र खगेन्द्र गणेन्द्र भजैं;
जय जामन मर्ण मिटायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। ३

अमलं अचलं अकलं अकुलं, अछलं असलं अरलं अतुलं;
अरवं अरहं शिवनायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। ४

अजरं अमरं अघरं सुघरं, अडरं अहरं अमरं अघरं;
अपरं असरं सब लायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। ५

वृषवृंद अमंद न निंद लहो, निरद्वंद अफंद सुछंद रहो;
नित आनंदवृंद विधायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। ६

भगवंत सुसंत अनंतगुणी, जयवंत महंत नमंत मुनी;
जग जंतुतणो अघघायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। ७

अकलंक अटंक शुभंकर हो, निरडंक निःशंक शिवंकर हो;
अभयंकर शंकर क्षायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। ८

अतरंग अरंग असंग सदा, भवभंग अनंत उत्तंग सदा;
सरवंग अनंग नसायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। ९

ब्रह्मांड जु मंडलमंडन हो, तिहुं दंड प्रचंड विहंडन हो;
चिदपिंड अखंड अकायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। १०

निरभोग सुभोग वियोग हरे, निरजोग अरोग अशोग धरे;
भ्रमभंजन तीक्षण सायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। ११

जय लक्ष्य अलक्ष्य सुलक्षक हो, जय दक्षक पक्षक रक्षक हो;
पण अक्ष प्रतक्ष खपायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। १२

अप्रमाद अनाद सुस्वादरता, उनमाद विवाद विषादहता;
समता रमता अकषायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। १३

निरभेद अखंद अछेद सही, निरवेद निवेदन वेद नहीं;
सब लोक अलोकके ज्ञायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। १४

अमलीन अदीन अरीन हने, निजलीन अधीन अछीन बने;
जमको घनघात बचायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। १५

न अहार निहार विहार कबै, अविकार अपार उदार सबै;
जगजीवनके मन भायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। १६

असमंध अधंध अरंध भये, निरबंध अखंड अगंध ठये;
अमनं अतनं निरवायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। १७

निरवर्ण अकर्ण उघर्ण बली, दुखहर्ण अशर्ण सुशर्ण भली;
बलि मोहकी फौज भगायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। १८

अविरुद्ध अक्रुद्ध अजुद्ध प्रभू, अति शुद्ध प्रबुद्ध समृद्ध विभू;
परमातम पूरन पायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। १९

विररूप चिद्रूप स्वरूप द्युति, जसकूप अनूपम भूप भुती;
कृतकृत्य जगत्रय नायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। २०

सब इष्ट अभीष्ट विशिष्ट हितू, उतकिष्ट वरिष्ट गरिष्ट मितू;
शिवतिष्ठत सर्वसहायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। २१

जय श्रीधर श्रीधर श्रीवर हो, जय श्रीकर श्रीभर श्रीझर हो;
जय रिद्धि सुसिद्धि बढायक हो, सब सिद्ध नमौं सुखदायक हो। २२

(दोहा)

सिद्ध सुगुण को कहि सकै, ज्यों विलस्त नभ मान;
'हीराचन्द' तातैं जजै, करहु सकल कल्याण। २३

ॐ ह्रीँ अनाहतपराक्रमाय सर्वकर्मविनिर्मुक्ताय श्रीसिद्धचक्राधिपतये महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री सिद्धपूजा

(छप्पय राग)

मंगलमय मंगलकरन, शिवपददायक जानिकै;
आह्वानन करके जजौं, सिद्ध सकल उर आनिके।

ॐ ह्रीँ णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिन्! अत्र अवतर अवतर इति संवौषट् आह्वाननम्।—अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।—अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(नंदीश्वर श्री जिनधाम—राग)

उज्ज्वल जल शीतल लाय, जिनगुण गावत हैं,
सब सिद्धन कों सु चढाय पुण्य बढावत हैं;
सम्यक् सुक्षायक जान यह गुण गावतु हैं,
पूजौं श्री सिद्ध महान बलि बलि जावतु हैं।

ॐ ह्रीँ सिद्धपरमेष्ठिने जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं नि०

करपूर सुकेसर सार चंदन सुखकारी,
पूजौं श्री सिद्ध निहार आनंद मन धारी;
सब लोकालोकप्रकाश केवलज्ञान जग्यो,
यह ज्ञान सुगुण मनभास, निज रस माहि पग्यो।

(चंदनं)

मुक्ताफल की उनहार अक्षत धोय धरे,
अक्षयपद प्रापति जान पुन्य भंडार भरे;
जगमें सुपदारथ सार ते सब दरसावे,
सो सम्यक् दरशन सार इह गुण मन भावै।

(अक्षतान्)

सुंदर सु गुलाब अनूप फूल अनेक कहै,
श्री सिद्धकुं पूजत भूप बहु विधि पुन्य लहै,
तहां वीर्य अनंतो सार यह गुन मन आनो,
संसारसमुद्र तैं पार कारक प्रभु जानो।

(पुष्पं)

फेणी गोजा पकवान मोदक सरस बने,
पूजों श्री सिद्ध महान भूख विथा जु हने;
झलके सब अेकहि वार ज्ञेय कहे जितनै,
ये सूक्षमता गुणसार, सिद्धन के तितनै।

(नैवेद्यम्)

दीपक की ज्योति जगाय सिद्धन को पूजे,
करि आरती सन्मुख जाय निरमल पद हूजे;
कहुं घाटि न बाढि प्रमाण अगुरुलघु गुण राख्यो,
हम शीस नमावत आन तुम गुण मुख भाख्यो।

(दीपं)

वर धूप सु दसविधि ल्याय दस दिसि गंध वरै,
वसु कर्म जलावत जाय मानों नृत्यकरै;
इक सिद्ध में सिद्ध अनंत सत्ता सब पावै,
यह अवगाहन गुण संत सिद्धनके गावै।

(धूपं)

ले फल उत्कृष्ट महान सिद्धन को पूजौं,
लहि मोक्ष परम शुभ थान प्रभु सम नहि दूजो;
यह गुण बाधा करी हीन बाधा नास भई,
सुख अव्याबाध सुचीन शिवसुंदर सु लही।

(फलं)

जल फल भरि कंचन थाल अरचत कर जोरी,
प्रभु सुनियो दीनदयाल विनती है मोरी;
करमादिक दुष्ट महान इनको दूर करो,
तुम सिद्ध सदा सुखदान भव भव दुःख हरो।

ॐ ह्रीं सिद्धपरमेष्ठिने अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

સહજ સુખસાધન

जयमाला

(दोहा)

नमों सिद्ध परमातमा, अद्भुत परम विशाल;
तिन गुण महिमा अगम है, सरस रची जयमाल।

(पद्धरी छंद)

जय जय श्री सिद्धनकूं प्रणाम, जय शिवसुख सागर के सुधाम;
जय बलि बलि जात सुरेश जान, जय पूजत तन मन हरष आन। १

जय क्षायिक गुण सम्यक्त्वलीन, जय केवलज्ञान सुगुन नवीन;
जय लोकालोक प्रकाशवान, यह केवल अतिशय हिये आन। २

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ-३६४२५०

जय सर्व तत्त्व दरशे महान, सोई दरशन गुन तीजो सुजान;
जय वीर्य अनंतो है अपार, जाकी पटतर दूजो न सार। ३

जय सूक्षमता गुण हिये धार, सब ज्ञेय लख्यो अेक हि सुवार;
इक सिद्धमें सिद्ध अनंत जान, अपनी अपनी सत्ता प्रमान। ४

अवगाहन गुण अतिशय विशाल, तिनके पद वंदूं नमत भाल;
कछु घाटि न बाढि कहे प्रमाण, गुण अगुरुलघु धारे महान। ५

जय बाधा रहित बिराजमान, सोई अव्याबाध कह्यो बखान;
अे वसु गुण हैं विवहार संत, निश्चय जिनवर भाखे अनंत। ६

सब सिद्धनके गुण कहे गाय, इन गुण करि शोभित है जिनाय;
तिनको भविजन मन वचन काय, पूजत वसु विधि अति हर्ष लाय। ७

सुरपति फणपति चक्री महान, बलिहरि प्रतिहरि मनमथ सुजान;
गणपति मुनिपति मिल धरत ध्यान, जय सिद्धशिरोमणि जगप्रधान। ८

(सोरठा)

अैसे सिद्ध महान, तुम गुण महिमा अगम है;
वरणन कह्यो बखान, तुच्छ बुद्धि कवि लालजी।

ॐ ह्रीं नमो सिद्धाणं, सिद्धपरमेष्ठिभ्यः महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(दोहा)

करता की यह विनती, सुनो सिद्ध भगवान;
मोहि बुलाओ आप ढिंग, यह अरजी उर आन।

॥ इत्याशीर्वादः पुष्पांजलिं क्षिपेत् ॥

Shri Digambar Jain Swadhyay Mandir Trust, Songadh - 364250

श्री सिद्धपूजा

ऊर्ध्वाधोरयुतं सबिन्दु सपरं ब्रह्मस्वरावेष्टितं,
वर्गापूरित–दिग्गताम्बुजदलं तत्संधितत्त्वान्वितम्।
अंतःपत्रतटेष्वनाहतयुतं ह्रींकारसंवेष्टितं,
देवं ध्यायति यः स मुक्तिसुभगो वैरीभकण्ठीरवः ॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीसिद्धचक्राधिपतये! सिद्धपरमेष्ठिन्! अत्र अवतर अवतर संवौषट् इति आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्रीसिद्धचक्राधिपतये! सिद्धपरमेष्ठिन्! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः इति स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्रीसिद्धचक्राधिपतये! सिद्धपरमेष्ठिन्! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

निजमनोमणिभाजनभारया, शमरसैकसुधारसधारया।
सकलबोधकलारमणीयकं सहजसिद्धमहं परिपूजये ॥१॥

मोहि तृषा दुख देत, सो तुमने जीती प्रभु;
जलसे पूजूं मैं तोय, मेरो रोग निवारियो।

ॐ ह्रीं श्रीसिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने जलं निर्वपामीति स्वाहा।

सहजकर्मकलंकविनाशनैरमलभावसुवासितचंदनैः।
अनुपमानगुणावलिनायकं सहजसिद्धमहं परिपूजये ॥२॥

हम भव आतप मांहि, तुम न्यारे संसार से;
कीज्यो शीतल छांह, चन्दन से पूजा करूं।

ॐ ह्रीं श्रीसिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा।

सहजभावसुनिर्मलतंदुलैःसकलदोषविशालविशोधनैः।
अनुपरोधसुबोधनिधानकं सहजसिद्धमहं परिपूजये ॥३॥

हम अवगुण समुदाय, तुम अक्षय गुणके भरे;
पूजूं अक्षत ल्याय; दोष नाश गुण कीजियो।

ॐ ह्रीं श्रीसिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

समयसारसुपुष्पसुमालया सहजकर्मकरेण विशोधया।
परमयोगबलेन वशीकृतं सहजसिद्धमहं परिपूजये ॥४॥

काम अग्नि है मोहि, निश्चय शील स्वभाव तुम;
फूल चढाउं मैं तोय, मेरो रोग निवारियो।

ॐ ह्रीँ श्रीसिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

अकृतबोधसुदिव्यनैवेद्यकैर्विहितजातिजरामरणांतकैः।
निरवधिप्रचुरात्मगुणालयं सहजसिद्धमहं परिपूजये ॥५॥

मोहि क्षुधा दुख भूर, ध्यान खड्ग करि तुम हती;
मेरी बाधा चूर, नेवज से पूजा करू।

ॐ ह्रीँ श्रीसिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सहजरत्नरुचिप्रतिदीपकैः रुचिविभूतितमः प्रविनाशनैः।
निरवधि–स्वविकासविकासनं सहजसिद्धमहं परिपूजये ॥६॥

मोह तिमिर हम पास, तुम पै चेतन ज्योति है;
पूजों दीप प्रकाश, मेरो तम निरवारियो।

ॐ ह्रीँ श्रीसिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने दीपम्।

निजगुणाक्षयरूपधूपनैः स्वगुणघातिमलप्रविनाशनैः।
विशदबोधसुदीर्घसुखात्मकं सहजसिद्धमहं परिपूजये ॥७॥

अष्टकर्म वन जाल, मुक्ति मांहि स्वामि सुख करो;
खेऊं धूप रसाल, अष्ट कर्म निवारियो।

ॐ ह्रीँ श्रीसिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

परमभावफलावलिसम्पदा सहजभावकुभावविशोधया।
निजगुणस्फुरणात्मनिरंजनं सहजसिद्धमहं परिपूजये ॥८॥

अन्तराय दुख टाल, तुम अनन्त थिरता लही;
पूजुं फल दरशाय, विघन टाल शिव फल करो।

ॐ ह्रीँ श्रीसिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने फलं निर्वपामीति स्वाहा।

नेत्रोन्मीलिविकाशभावनिवहैरत्यंतबोधाय वै।
वर्गंघाक्षतपुष्पदामचरुकै सद्दीपधूपैः फलैः॥
यश्चिन्तामणिशुद्धभावपरमं ज्ञानात्मकैरर्चयेत्।
सिद्धं स्वादुमगाधबोधमचलं संचर्ययामो वयम्॥९॥

हममें आठों हि दोष, जजहुं अर्घ ले सिद्धजी,
दीज्यो वसु गुण मोय, कर जोड्या 'द्यानत' खडो।

ॐ ह्रीँ श्रीसिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

(शार्दुलविक्रीडित)

त्रैलोक्येश्वरवन्दनीयचरणाः प्रापु श्रियं शाश्वतीं,
यानाराध्य निरुद्धचण्डमनसः सन्तोपि तीर्थंकराः।
सत्सम्यकत्वविबोधवीर्य्यविशदाऽव्यावाघताद्यैर्गुणै–ः
र्युक्तांस्तानिह तोष्टवीमि सततं सिद्धान विशुद्धोदयान्॥

(मोतीयादाम छंद)

विराग सनातन शांत निरंश, निरामय निर्भय निर्मल हंस।
सुधाम विबोधनिधान विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्धसमूह॥१॥

विदूरितसंसृतिभाव निरंग, समामृतपूरित देव विसंग।
अबंध कषायविहीन विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्धसमूह॥२॥

निवारितदुष्कृत कर्मविपाश, सदामलकेवलकेलिनिवास।
भवोदधिपारग शांत विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्धसमूह॥३॥

अनंत सुखामृतसागरधीर, कलंक रजोमल भूरिसमीर।
विखण्डितकाम विराम विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्धसमूह॥४॥

विकार विवर्जित तर्जित शोक, विबोधसुनेत्रविलोकितलोक।
विहार विराव विरंग विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्धसमूह॥५॥

रजोमलखेदविमुक्त विगात्र, निरंतर नित्य सुखामृतपात्र।
सुदर्शनराजित नाथ विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्धसमूह ॥६॥

नरामरवंदित निर्मलभाव, अनंतमुनीश्वरपूज्य विहाव।
सदोदय विश्वमहेश विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्धसमूह ॥७॥

विदंभ वितृष्ण विदोष विनिद्र, परापरशंकर सार वितंद्र।
विकोप विरूप विशंक विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्धसमूह ॥८॥

जरामरणोज्झित वीतविहार, विचिंतित निर्मल निरहंकार।
अचिन्त्यचरित्र विदर्प विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्धसमूह ॥९॥

विवर्ण विगंध विमान विलोभ, विमाय विकाय विशब्द विशोभ।
अनाकुल केवल सर्वविमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्धसमूह ॥१०॥

(मालिनी)

असमसमयसारं चारुचैतन्यचिह्नं,
परपरिणतिमुक्तं पद्मनंदीन्द्रवन्द्यम्।
निखिलगुणनिकेतं सिद्धचक्रं विशुद्धं,
स्मरति नमति यो वा स्तौति सोऽभ्येति मुक्तिम् ॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीसिद्धपरमेष्ठिभ्यः महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छंद)

अविनाशी अविकार परमरसधाम हो,
समाधान सर्वज्ञ सहज अभिराम हो;
शुद्ध बुद्ध अविरुद्ध अनादि अनंत हो,
जगतशिरोमणि सिद्ध सदा जयवंत हो। १

ध्यानअग्निकर कर्म कलंक सबै दहे,
नित्य निरंजन देव स्वरूपी ह्वै रहे;
ज्ञायक के आकार ममत्व निवारिकैं,
सो परमातम सिद्ध नमूं सिर नायकैं। २

(दोहा)

अविचल ज्ञान प्रकाशतें, गुण अनन्त की खान,
ध्यान धरै सो पाईअे, परम सिद्ध भगवान। ३

॥ इत्याशीर्वादः पुष्पांजलिं क्षिपेत् ॥

मानस्तंभ–विराजमान
श्री सीमंधर-जिनपूजा

(गीता छंद)

महा पावन बहु सुहावन विदेह भूमि जानिये,
तहां मानस्तंभ लखते मान मानिन हानिये;
तासु मूल जिनेश प्रतिमा देखि हरि पूजा करी,
करतो आह्वानन दास प्रभु इत आय अब तो पग धरी।

(दोहा)

चौदिश मानस्थंभ की, जिन प्रतिमा शिर नाय;
करत आह्वानन जोरि कर, तिष्ठ तिष्ठ इत आय।

ॐ ह्रीं मानस्तंभमध्ये विराजमान श्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेव! अत्र अवतर अवतर! संवौषट्! (इत्याह्वाननम्)–अत्र तिष्ठ तिष्ठ, ठः ठः! (इति स्थापनम्)–अत्र मम सन्निहितो भव भव! वषट्! (इति सन्निधिकरणम्)

(त्रोटक छंद)

शुचि निरहि गंग नदी भरिये, भरु कुंभन प्रासुक के करियो;
चतुर दिश मानस्थंभ कहा, हरि पूजि जिनेश्वर हर्ष लहा।

ॐ ह्रीं मानस्तंभमध्ये विराजमान श्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिरि चंदन लेहु खरो, घसि कुंकुम मिश्रित कुंभ भरो,
चतुर दिश मानस्थंभ कहा, हरि पूजि जिनेश्वर हर्ष लहा।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये विराजमान श्री सीमंधरजिनेन्द्रदेवाय चंदनं नि०

शुभ जीरक श्याम अखंड लियो, परछालित थारहि हेम कियो। च०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये विराजमान श्री सीमंधरजिनेन्द्रदेवाय अक्षतान् नि०

बर बेल चमेलि जुही नवरी, कमलादिक लै भरु थाल भरी। च०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये विराजमान श्री सीमंधरजिनेन्द्रदेवाय पुष्पं नि०

खुरमा खुझला वर मोदक जू, रसपूर क्षुधागद खोदक जू। च०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये विराजमान श्री सीमंधरजिनेन्द्रदेवाय नैवेद्यम् नि०

कदलीसुत औ धृत के दियरा, जिन होत उदोत तमा विदरा। च०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये विराजमान श्री सीमंधरजिनेन्द्रदेवाय दीपं नि०

वर धूप लई दशगंध खरी, जसु गंध लहे अलि नृत्य करी। च०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये विराजमान श्री सीमंधरजिनेन्द्रदेवाय धूपं नि०

सहकार अनार छुहार खरे, नरियार बदामहि थार भरे। च०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये विराजमान श्री सीमंधरजिनेन्द्रदेवाय फलं नि०

जल आदिक आठहु द्रव्य लिया, इकठी भरिथारहि अर्घ किया। च०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये विराजमान श्री सीमंधरजिनेन्द्रदेवाय अर्घं नि०

जयमाला

(छंद त्रिभंगी)

दिश चारि सुहावन अतिही पावन मन हुलसावन जान कही,
लखि मानस्थंभा होत अचम्भा तहं जिनबिंबा पूज चहीं;
सुरपति सुर हूजे जिन पद पूजे आनंद हूजै मोद लही,
खग नर मुनि आवै पूज रचावैं जिनगुण गावैं दास तहीं। १

(पद्धरी छंद)

जै मानस्तंभ कह्यो बखान, तिन नमन करौं जुग जोरि पान;
है ताको वर्णन अति विशाल, जिहि सुनत कालिमा जात काल। २

जै पहिली गलि के बीच मांहि, दरवाजे चारि तहां बतांहि;
तहं तीन कोट कीन्हे बखान, तिनपाहि ध्वजा लहरैं महान। ३

पहिला दूजा शुभ कोट जान, सुन कोट तीसरे का बयान;
है कोट बीच में भूमि थान, तहं बने सु वन शोभायमान। ४

तिनमें पिक कोकिल रह अलाप, जिन शब्द सुनत छूटैं कलाप;
तहं लोकपाल के नगर जान, रमणिक महा शोभायमान। ५

आभ्यंतर तीजे कोट जान, तहं तीन पीठ कीन्हीं बखान;
सो त्रै कटनी युत शोभकार, वैडूर्य मणिन की कांति धार। ६

ता उपर मानस्तंभ जान है मूल मांहि चौकोर वान;
हे उपर गोलाकार रूप, दैदीप्यमान शोभित अनूप। ७

द्वै सहस पहल तामें गनाय, अरु वज्र मई नीचे बताय;
तसु मध्य फटिकमय कह्यो गाय, मणि वैडूरज सम उर्ध्व जाय। ८

है तापर कमलाकार रूप, शोभै कलशा तापर अनूप;
धुज दंड तासु उपर बताय, जा पवन लगे जगमग कराय। ९

शुभ छत्र चमर घन्टा बखान, मणिमाला माला सुभग जान;
सो मणि अनेकमय शोभधार, अैसा मानस्थंभ कह विचार। १०

प्रति मानस्थंभ की दिशन चारि, है चारि बावरी पूरि वारि;
दिश पूरव मानस्थंभ तीर, नंदा नंदोत्तर कही धीर। ११

हैं नंदवती नंदघोष जान, दिश चारहु में क्रम सों बखान;
दक्षिण दिश मानस्थंभ पास, विजया वैजयंती नाम जास। १२

कह जयंति अपराजिता जान, दिश चारहु में क्रम सों बखान;
पश्चिम मानस्थंभ चहूं ओर, अशोक सुप्रतिबुद्धाहि जोर। १३

हे कुमुदा पुंडरिका सुजान, दिश चारहुं में क्रम सों बखान;
उत्तर मानस्थंभ चहूं ओर, हृदया नंदा महनंद जोर। १४

सुप्रबुद्धा परभंकरी सुजान, दिश चारहु में क्रम सों बखान;
इमि सोरह वापी कही सार, चारहु मानस्थंभ ओर चार। १५

है नीर मांहि नीरज कुलान, मानहु निज नैना भू खुलान;
जिनराज विभव देखन अपार, बहु नैन धारि कीन्हों शिंगार। १६

तिन कमलन पर जो अलि गुंजेत, नैनांजनवत बहु शोभ देत;
मणिमय पैंडी युत शोभदाय, तहँ हंस चकव क्रीडा कराय। १७

तिन पार्श्व मांहि जुग कुंड गाय, कंचन मणिमय दीन्हों बताय;
जो पूजन श्री जिनदेव जाय, ते धोवत तिन जल लेय पाय। १८

इक वापी के संग कह्यो गाय, द्वै कुंड जडित मणि शोभदाय;
है शोभा वैभव जो महान, तिहि कौन सकैं कवि करि बखान। १९

मानस्थंभ मूलहि दिशन चार, प्रतिमा श्री जिनवर की निहार;
तिन पूज्यो सुरपति हर्षधार, करि नृत्य ताल स्वर को सम्हार। २०

सननं सननं बाजै सितार, घननं घननं ध्वनि घंट धार;
द्रुम द्रुम द्रुम द्रुम बाजत मृदंग, करताल तबल अरु मूहचंग। २१

छम छम छम छम नूपुर बजाय, क्षण भूमि क्षणक आकाश जाय;
जहँ नाचत मघवा आप जान, तिहि शोभा को वरणै महान। २२

इमि नृत्य गान उत्सव महान, करि पूजा किय आगे पयान;
लैपंच रतनमय रंग महान, किय मानस्थंभहि दीप्तमान। २३

जा लखतैं मानिन मान जात, जुग हाथ जोर शिर को नवात,
तासों मानस्थंभ जान नाम, सार्थक कीन्हो शोभाभिराम। २४

विस्तार मूल सूचि प्रमान, नव शत नब्बे वसु धनुष जान;
छः सहस धनुष उंचा सुजान, बारह जोजन सों लखै मान। २५

जिमि पूरवदिश को है कहाहि, तिमि दक्षिण पश्चिम उत्तराहि;
तिन कन्हईलाल सुत जोरि हाथ, भगवानदास नमै नाय माथ। २६

(धत्तानंद छंद)

मानस्थंभ माला अतिहि विशाला जे भवि निज कंठै धरई,
ते होय खुशाला लहि शिवबाला फेरि न या जगमें भ्रमई।

ॐ ह्रीं मानस्थंभ मध्ये विराजमान श्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय अनर्घ्यपदप्राप्तये महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मानस्तंभविराजमान

श्री सीमंधर-जिनपूजा

(अडिल्ल छंद)

फिर सिवान पर चढ सुरपति तहां पेखिये,
धूलीशाल सु कोट नयन भरि देखिये,
विजै नाम दरवाजै भीतर जाय के,
मानस्थंभ जिनेश जजै हरखाय के।

(दोहा)

मानस्थंभ सु मूलमें प्रतिमा श्री भगवान;
दे प्रदक्षिणा तीन जो पूजत इन्द्र सुजान।

पूर्व दिशामें विराजमान श्री सीमंधर भगवानकी पूजा

(अडिल्ल छंद)

मानस्थंभ अनुपम सुंदर सोहनो,
मान रहित सब होय देख मन मोहनो,
पूरव दिशको जान परमसुखदाय जू,
पूजत मन वच काय भविक सुख पाय जू।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पूर्वदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेव! अत्र अवतर अवतर। संवौषट्। (इत्याह्वाननम्)

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पूर्वदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेव! अत्र तिष्ठ तिष्ठ। ठः ठः (इति स्थापनम्)

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पूर्वदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेव! अत्र मम सन्निहितो भव भव। वषट्। (इति सन्निधिकरणम्)

(अडिल्ल)

पद्मद्रहको नीर सु उज्ज्वल लीजिये,
सनमुख ह्वै जिनराज धार शुभ दीजिये।
पूरव मानस्थंभ जिनेश्वर पूजिये,
नाचत गाय बजाय सु हरखित हूजिये।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पूर्वदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चंदन केशर गारि कपूर मिलाईये,
श्री जिन चरण चढाय परम सुख पाईये, ...पूरव०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पूर्वदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय भवतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

चंद किरन सम उज्ज्वल तंदुल पावने,
पुंज धरों जिन आगे परम मन भावने।
पूरव मानस्थंभ जिनेश्वर पूजिये,
नाचत गाय बजाय सु हरखित हूजिये।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पूर्वदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

कमलकेतु की बेल चमेली वास है,
श्री जिन के पद पूजि काम सब नाश है....पूरव०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पूर्वदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

गूंझा फैनी सुहाल सुमोदक साजही,
पूजि जिनेश्वर पाय क्षुधा दुख भाजहि....पूरव०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पूर्वदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मनिमय दीप अनूप सु जगमग जोत है,
मोह अंध भयो नाश जय जय होत है....पूरव०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पूर्वदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप सुगंध सु लेकर जिनपद सेईये,
अष्ट कर्म हो नाश सु अग्निमें खेईये....पूरव०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पूर्वदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल लोंग सुपारी पिस्ता लावही,
प्रभु चरण चढाय सु शिव फल पावही....पूरव०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पूर्वदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चंदन इत्यादि सु अर्घ संजोय के,
जिन पूजत भविलाल सु हरखित होय के,
पूरव मानस्थंभ जिनेश्वर पूजिये,
नाचत गाय बजाय सु हरखित हूजिये।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पूर्वदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दक्षिण दिशामां विराजमान श्री सीमंधर भगवानकी पूजा

(अडिल्ल)

मानस्थंभ अनूपम सुंदर देखिये,
सुर नर मुनि मन हरत सुनैननि पेखिये,
समवसरणमें दक्षिण दिशा सुहावनी,
पूजत भविजन लोग सु जिन गुन गावनौ।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये दक्षिणदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेव! अत्र अवतर अवतर संवौषट्। (इत्याह्वाननम्)

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये दक्षिणदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेव! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः (इति स्थापनम्)

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये दक्षिणदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेव! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्। (इति सन्निधिकरणम्)

(सुंदरी छंद)

सरस उज्ज्वल नीर सु लीजिये,
धार श्री जिन चरण सु दीजिये,
त्रिविध जोग सु दक्षिण हूजिये,
मानस्थंभ जिनालय पूजिये।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये दक्षिणदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलय सारस केशरि गारिये,
पूजि जिमवदाह निवारिये ....त्रिविध०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये दक्षिणदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय भवतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

चंद जोत समान सु अक्षतं,
पुंज देत अक्षैनिधि गछतं ....त्रिविध०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये दक्षिणदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

कमल कुंद गुलाब सु लाइये,
मदन नाशि सु हर्ष उपाइये....त्रिविध०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये दक्षिणदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

सरस मोदक व्यंजन साजही,
क्षुधा रोग सु देखत भाजही ....त्रिविध०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये दक्षिणदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीप मणिमय जगमग जोत है,
मोह नाश सु जय जय होत है,
त्रिविध जोग सु दक्षिण हूजिये,
मानस्थंभ जिनालय पूजिये।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये दक्षिणदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अगर कुमकुम गंध मिलावही,
खेय कर्म सु दुष्ट जरावही....त्रिविध०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये दक्षिणदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फल सु उत्तम सुंदर लै धरो,
जिन सु पूजत शिव नारी वरौ....त्रिविध०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये दक्षिणदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

धरत अर्घ सु भव्य बनाय के,
सफल करत सु नर भव पाय के....त्रिविध०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये दक्षिणदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पश्चिम दिशामां विराजमान श्री सीमंधर भगवानकी पूजा

(सुंदरी छंद)

परम पावन सुंदर देखिये,
सरस सुंदरता कर पेखिये,
लसत मानस्थंभ सुहावनो,
दिश सु पश्चिममें मन भावनो।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पश्चिमदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेव! अत्र अवतर अवतर संवौषट् । (इत्याह्वाननम्)

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पश्चिमदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेव! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः (इति स्थापनम्)

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पश्चिमदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेव! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् । (इति सन्निधिकरणम्)

(सोरठा)

उज्ज्वल नीर सु आनि रतन कटोरी में धरो,
मानस्तंभ महान पश्चिम दिश पूजा करों।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पश्चिमदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चंदन केशर जान जन पूजत भवदुख हरो,
मानस्तंभ महान पश्चिम दिश पूजा करों।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पश्चिमदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय भवतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

उज्ज्वल चंद समान पुंज सु जिन आगे धरों,
मानस्तंभ महान पश्चिम दिश पूजा करों।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पश्चिमदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

कमल केतुकी आन देखत काम सु थरहरौ,
मानस्तंभ महान पश्चिम दिश पूजा करों।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पश्चिमदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

बहुत भांति पकवान क्षुधा रोग देखत डरों,
मानस्तंभ महान पश्चिम दिश पूजा करों।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पश्चिमदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मनिमय दीप प्रमान मोह देख आपु हि डरौ,
मानस्तंभ महान पश्चिम दिश पूजा करों।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पश्चिमदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप दशांग सु जान खेवत आठ कर्म जरैं,
मानस्तंभ महान पश्चिम दिश पूजा करों।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पश्चिमदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तम फल सुखदाय पूज जिनेश्वर शिव वरौ,
मानस्तंभ महान पश्चिम दिश पूजा करों।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पश्चिमदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

आठों दरव सुआन अर्घ चढाय सु जग तरों,
मानस्तंभ महान पश्चिम दिश पूजा करों।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये पश्चिमदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तरदिशामां विराजमान श्री सीमंधर भगवानकी पूजा

(दोहा)

श्रीजिनमानस्थंभ को पूजत मन वच काय,
उत्तर दिशा सुहावनी जय जय जय जिनराय।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये उत्तरदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेव! अत्र अवतर अवतर संवौषट् । (इत्याह्वाननम्)

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये उत्तरदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेव! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः (इति स्थापनम्)

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये उत्तरदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेव! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् । (इति सन्निधिकरणम्)

(जोगीरासा)

कंचन झारी उज्ज्वल जल ले श्रीजिन चरण चढाई,
भाव सहित श्रीजिन पूज जनम जनम सुख पाऊं,
मानस्थंभ सोहनो सुंदर उत्तर दिशा सुहावे,
पूजत हरष होत भवि जीवन सुर शिव लक्ष्मी पावे।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये उत्तरदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा

कुमकुम केशर सरस सुवासी खासी लेकर धारो,
भव आताप विनाशन कारन श्रीजिन पद पर वारो;....मान०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये उत्तरदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय भवतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

मुक्ताफल उनहार सु तंदुल क्रान्त चंदकी धारै,
पुंज करो जिनवर पद आगे आछे पद विस्तारौ;....मान०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये उत्तरदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

कमल केतुकी बेल चमेली भंवर गुंजारे जापै,
पूजत श्रीजिन चरन मनोहर काम न आवै तापै;
मानस्थंभ सोहनो सुंदर उत्तर दिशा सुहावे,
पूजत हरष होत भवि जीवन सुर शिव लक्ष्मी पावै।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये उत्तरदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

फैनी घेवर तुरत सुधीके लाडू गुंझा लावे,
क्षुधारोग निरवारन कारन श्रीजिन चरन चढावै; ....मान०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये उत्तरदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मनिमय दीप अमोलक ले करि कनक रकेबी धरिये,
मोह अंध के नाशन कारन जगमग जोत उजारे; ....मान०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये उत्तरदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा

धूप सुगंध समूह अनूपम खेय अग्निमें डालो,
अष्ट कर्म ये दुष्ट भयानक इनको तुरतई जालो; ....मान०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये उत्तरदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल लोंग लाईची सुंदर पिस्ता जाति घनेरा,
पूजि जिनेश्वर शिवफल पइये सुरगादिक सुख केरा; ....मान०

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये उत्तरदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय मोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा

आठ दर्व ले अर्घ संजोयो पूजो श्रीजिन भाई,
भवसागरतें पार उतारो जै जै जै जिनराई;
मानस्तंभ सोहनो सुंदर उत्तर दिशा सुहावे,
पूजत हरष होत भवि जीवन सुर शिव लक्ष्मी पावे।

ॐ ह्रीँ मानस्तंभमध्ये उत्तरदिशायां विराजमानश्रीसीमंधरजिनेन्द्रदेवाय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा

जयमाला

(दोहा)

घनाकार करि लोक पट, सकल उदधि मसि तंत;
लिखै शारदा कलम गहि, तदपि न तुव गुन अन्त। १

(छंद पद्धडी)

जय जय सीमंधर जिन गुन महान,
तुम पदको मैं नित धरों ध्यान;
जय गरभ जनम तप ज्ञानजुक्त,
वर आत्म सुमंगल शर्म भुक्त। २

जय चिदानन्द आनन्दकन्द,
गुनवृन्द सु ध्यावत मुनि अमन्द;
तुम जीवनिके विनु हेत मित्त,
तुम ही हो जगमें जिन पवित्त। ३

तुम समवसरणमें तत्त्वसार,
उपदेश दियो है अति उदार;
ताकों जे भवि निजहेत चित्त,
धारें ते पावै मोच्छवित्त। ४

मैं तुम मुख देखत आज पर्म,
पायो निज आतमरूप धर्म;

मोकों अब भौभयतें निकार,
निरभयपद दीजे परम सार। ५

तुम सम मेरो जगमें न कोय,
तुमहीतैं सब विधि काज होय;
